Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 130 | मंगलवार, 13 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### पीएम मोदी ने देश को किया संबोधित

## हर आतंकी हमारी बहन-बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम जान चुका है: मोदी



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रात ने आज देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। क्रूरता थी। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है।

पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की दूर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।

### 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया

आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया।

### पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'साथियों! भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था और इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया। आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने के बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया।

### राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं

भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं।

### आतंकी हमलों के तार इन्हीं ठिकानों से जुड़ते हैं

जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं।

### सीजफायर से नाराज लोगों को पूर्व सेनाध्यक्ष का जवाब

## युद्ध कोई रोमांटिक हिंदी फिल्म नहीं है, यह विनाश है



**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता के निलंबन पर सवाल उठाने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि युद्ध न तो रोमांटिक है और न ही सिनेमाई। शहर में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (पुणे चैप्टर) के हीरक जयंती समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए जनरल नरवणे ने कहा, ह्लजब वास्तव में युद्ध छिड़ता है, तो मौत और विनाश होता है। इसकी अपनी लागत होती है, पुनर्निर्माण की लागत के साथ-साथ खोए गए उपकरणों की लागत भी होती है।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के फैसले पर उठ रहे सवालों की आलोचना करते हुए कहा कि ह्यह्ययुद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म है ह्लह्ल उन्होंने रविवार को पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आदेश मिलेगा तो वह युद्ध के लिए तैयार रहेंगे, लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता हमेशा कूटनीति रहेगी। नरवणे ने कहा कि जब रात में गोले गिरते हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, खासतौर पर बच्चों को शरण स्थलों की ओर भागना पड़ता है, तो वह अनुभव उनके मन में गहरी वेदना छोड़ता है। उन्होंने कहा, जिन्होंने अपने परिजन खोए हैं, उनके लिए वह दर्द पीढ़ियों तक बना रहता है। इसे पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) कहते हैं। जो लोग ऐसे भयानक दृश्य देखते हैं, वे 20 साल बाद भी पसीने में भीगकर उठते हैं और उन्हें मनोचिकित्सकीय मदद की जरूरत पड़ती है।

यह कार्यक्रम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा आयोजित किया गया था। नरवणे ने कहा, युद्ध कोई रोमांटिक बात नहीं है। यह आपकी कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं है। यह एक गंभीर विषय है। युद्ध या हिंसा अंतिम विकल्प होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है।

### ऑपरेशन सिंदूरः सीएम योगी बोले

## 'अब शहरी नक्सलियों' के खिलाफ एक्शन की जरूरत



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी नक्सलियों और उनसे जुड़े संगठनों के खिलाफ कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई जरूरी है। वे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे।

**इन पर खास कार्रवाई :** मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लूटपाट, चेन स्नैचिंग, गौ-तस्करी और अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई हो। गौ-तस्करों के वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के तहत नीलाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लोगों को भटकना न पड़े और सेवाएं तय समय में उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने नगर निगम और विकास प्राधिकरण को बेहतर पेयजल और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटाने और बस, टैक्सी और रिक्शा स्टैंड के लिए उचित स्थान तय करने के निर्देश दिए, ताकि यातायात सुचारू रहे।

**सीएम ने दिए ये निर्देश :** मुख्यमंत्री ने वरुणा नदी के पुनर्जीवन, कज्जकपुरा फ्लाईओवर, और गंजारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और उन्हें तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट विस्तार कार्य से स्थानीय लोगों की आवाजाही बाधित नहीं होनी चाहिए। हर घर नल से जल' योजना के तहत ग्रामीण जल निगम अधिकारियों को चार-चार गांवों में निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने राजस्व विवादों के शीघ्र निपटारे पर भी जोर दिया। वाराणसी मंडल आयुक्त एस। राजलिंगम ने बताया कि जिले में लगभग 14,000 करोड़ रुपये की 60 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना भी की

### बीजेपी देशभर में निकालेगी 'तिरंगा यात्रा', बताएगी ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियां

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी 13 मई से 23 मई तक देशभर में 'तिरंगा यात्रा' निकालने जा रही है। 10 दिन चलने वाली इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का उद्देश्य हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को हर नागरिक तक पहुंचाना है। भाजपा इस अभियान के जरिए जनता को यह बताएगी कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने कैसे अपने नागरिकों को संकट से सुरक्षित निकाला और राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत किया। इस यात्रा को कोऑर्डिनेट करने की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता संबित पात्रा, विनोद तावड़े और तरुण चुग जैसे नेताओं को सौंपी गई है।

## सांबा-जालंधर में दिखे ड्रोन, माता वैष्णो देवी में एहतियातन ब्लैकआउट



■ पंजाब के जालंधर में ड्रोन को मार गिराया, खङ के सांबा में भी देखे गए ड्रोन, अमृतसर, होशियारपुर में ब्लैकआउट

**जम्मू कश्मीर।** जम्मू, सांबा, अखनूर और कठुआ जैसे पाकिस्तान के सीमा से सटे क्षेत्रों में ड्रोन की संदिग्ध गतिविधियों की खबरों के बीच भारतीय सेना ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि हाल के समय में कोई ड्रोन गतिविधि देखी नहीं गई है और क्षेत्र में सीजफायर की स्थिति बन हुई है। यह जानकारी सेना से जुड़े सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआई को दी। हालांकि, इससे पहले सेना ने कहा था कि सुरक्षाबल सांबा जिले में संदिग्ध ड्रोनों से निपट रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सोमवार रात संदिग्ध ड्रोन देखे गए, जिन्हें भारत के एयर डिफेंस ने निष्क्रिय कर दिया। सीमा रेखा पर ड्रोन गतिविधि की यह ताजा घटना ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम पहले संबोधन और भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ की बैठक के कुछ ही घंटों बाद हुई। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सांबा में पाकिस्तानी ड्रोन को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। वीडियो क्लिप में आसमान में ड्रोन्स दिखाई दे रहे हैं और विस्फोटों की आवाज सुनाई दे रही है, जो भारत के एयर डिफेंस द्वारा संदिग्ध ड्रोन्स को निष्क्रिय करने के दौरान होने वाली फायरिंग की वजह से है। ड्रोन देखे जाने पर सांबा, कठुआ, राजौरी और जम्मू में कई इलाकों में ब्लैकआउट देखा गया। सूत्रों ने बताया कि एहतियात के तौर पर माता वैष्णो देवी के गुफा मंदिर और मंदिर तक जाने वाले रास्ते में लगी लाइटें बंद कर दी गईं। भारतीय सेना ने कहा कि सोमवार को डीजीएमओ के बीच वार्ता हुई, जिसमें इस प्रतिबद्धता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई कि दोनों पक्ष एक भी गोली नहीं चलाएंगे और एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक या शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करेंगे। इसमें यह भी सहमति व्यक्त की गई कि दोनों पक्ष सीमा पर तथा अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करेंगे।

### बॉर्डर पर न चले एक भी गोली, घटाई जाए सैनिकों की संख्या... भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ में हुई बात

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) स्तर की बातचीत सोमवार 12 मई को शाम 5:00 बजे पूरी हो गई. वार्ता में इस प्रतिबद्धता को जारी रखने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए या एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करनी चाहिए. इस बात पर भी सहमति हुई कि दोनों पक्ष सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें. पहले दोपहर 12 बजे होने वाली यह वार्ता शाम 5 बजे समाप्त हुई।

## जम्मू-श्रीनर समेत कई शहरों की फ्लाइट्स 13 मई तक कैंसिल



**श्रीनगर।** इंडिगो ने एयर स्पेस में जारी ड्रोन घुसपैठ के बीच बड़ा फैसला लिया है। जम्मू, श्रीनगर, लेह, चंडीगढ़ और राजकोट को उड़ान भरने वाली सभी फ्लाइट्स 13 मई तक कैंसिल कर दी है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। वहीं, इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडिगो ने सभी फ्लाइट्स को 12 मई तक के लिए बंद कर दी गई थी। लेकिन ड्रोन घुसपैठ को देखते हुए कई फ्लाइट्स को रद कर दी गई है।

बता दें कि भारत और पाकिस्तान में सीजफायर के बाद नागरिक विमान परिचालन के लिए 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने के फैसले को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के चलते इन हवाई अड्डों पर नागरिक विमानों का परिचालन रोक दिया गया था। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने की अवधि शुरू में 15 मई की सुबह 05:29 बजे तक के लिए निर्धारित की गई थी। लेकिन, अब ये हवाई अड्डे नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध होंगे। प्राधिकरण ने एक विज्ञप्ति में कहा-यात्री कृपया ध्यान दें! नागरिक विमान परिचालन के लिए 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

## विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास, वनडे खेलते रहेंगे



### कोहली ने पिछले साल ही टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया

विराट कोहली का टेस्ट डेब्यू जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में हुआ था। कोहली ने तब पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 15 रन बनाए थे। वहीं उनका आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में था, जो जनवरी 2025 में खेला गया था। इस आखिरी टेस्ट में कोहली ने पहली पारी में 17 तो दूसरी पारी में 6 रन बनाए। किंग कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 46 l85 की औसत से 9230 रन बनाए। कोहली ने टेस्ट में 30 शतक और 31 अर्धशतक जड़े हैं। विराट कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में पहली बार ब्लू जर्सी पहने हुए 14 साल हो चुके हैं। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद कपड़ों में खेलना एक बहुत ही निजी अनुभव है।

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिससे खेल के लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर खत्म हो गया। वह अब केवल वनडे में खेलेंगे। उनके संन्यास के साथ ही टेस्ट प्रारूप से भारतीय दिग्गज खिलाड़ियों का बाहर होना जारी है। रविचंद्रन अश्विन (दिसंबर में) और रोहित शर्मा (पिछले सप्ताह) भी इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं।

36 साल के विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आए थे। जहां भारत को 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। कोहली ने सीरीज के पहले मैच यानी पर्थ टेस्ट में शतक जरूर जड़ा, लेकिन इसके बाद वो संघर्ष करते हुए दिखे थे। कोहली का ये संन्यास का फैसला ऐसे समय में आया है जब चयनकर्ता कुछ ही दिनों में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने वाले थे।

**जिद और जुनून का किस्सा इंग्लैंड से पूछो :** विराट कोहली के जिद और जुनून का किस्सा तो उनके पिछले इंग्लैंड दौरों से ही समझा जा सकता है. विराट कोहली जब 2014 में पहली बार इंग्लैंड गए तो 4 टेस्ट मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं आई। हड़बड़ी में रहने वाले दिग्गजों ने विराट को खारिज कर दिया. उनकी कमजोरियां बताकर उन्हें भारतीय पिचों का बैटर बताया गया।

### 17 मई से फिर शुरू होंगे आईपीएल के मैच, 3 जून को होगा फाइनल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मौजूदा सत्र 17 मई से छह स्थानों पर फिर से शुरू करने का फैसला किया, जिसमें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार फाइनल 3 जून को होगा। 8 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के बाद आईपीएल को रोक दिया गया था जब पाकिस्तान ने चंडीगढ़ के पास भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की थी।

## संपादक की कलम से

# युद्धविराम का औचित्य


ललित शर्मा
संपादक

युद्धविराम पर भी सियासत शुरू हो गई है। आप युद्धविराम कहें या संघर्षविराम मान लें, कोई फर्क नहीं पड़ता। सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थितियों और घटनाओं को युद्ध से कम नहीं आंका है, लिहाजा हम युद्धविराम का ही प्रयोग करेंगे। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने युद्धविराम को ह्यअप्रत्याशितह्ल करार दिया है और कई सवाल भी उछाले हैं। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर अचानक एक पोस्टर चिपका दिया गया है-ह्यइंदिरा गांधी बनना आसान नहीं है ह्ल इस वाक्य में निहित राजनीति को आसानी से पढ़ा-समझा जा सकता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को चिी लिख कर मांग की है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। उसमें पहलगाम आतंकी हमले, नरसंहार, ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल और अप्रत्याशित युद्धविराम पर चर्चा करना जन-प्रतिनिधियों का अधिकार है। देश भी घटनाक्रम की गहराई तक जाना चाहता है। एमआईएम सांसद ओवैसी को युद्धविराम पर आपत्ति नहीं है। उनके तेवर आजकल बदले हुए हैं। उनके लिए आजकल देश प्रथम है, सियासत बहुत बाद में। उनका मानना है कि युद्धविराम की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी को करनी चाहिए थी। भारत के संदर्भ में अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप कौन होते हैं? वह भारत-पाकिस्तान के बीच टांग क्यों फंसा रहे हैं? भारत अमरीका का मित्र देश है, मोहताज नहीं है। ट्रंप इस गलतफहमी में न रहें कि प्रधानमंत्री मोदी उनकी हर बात आंख मूंद कर मान लेंगे। भारत का अपना राष्ट्रीय विवेक है। बहरहाल संसद सत्र बुलाने की मांग गलत या अतिशयोक्ति नहीं है। सरकार एक और सर्वदलीय बैठक भी बुला सकती है। अतीत में महत्वपूर्ण मुद्दों या घटनाओं पर संसद के विशेष सत्र बुलाए जाते रहे हैं, लेकिन यह मोदी सरकार का विशेषाधिकार है। संकट अभी टला नहीं है, सिर्फ युद्धविराम हुआ है, पाकिस्तान का रुख अभी लगातार देखा जाना है, लिहाजा सरकार और विपक्ष जिस तरह एकजुट रहे हैं, अब भी वही रवैया अपेक्षित है। युद्धविराम की घोषणा डीजीएमओ ही करते रहे हैं। वह उनका संवैधानिक जनादेश है। हमें याद नहीं है कि कभी देश के प्रधानमंत्री ने युद्धविराम की घोषणा की हो। प्रधानमंत्री मोदी रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेना प्रमुखों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। जाहिर है कि युद्धविराम पर भी विमर्श किया गया होगा। डीजीएमओ को भी, अंततः, प्रधानमंत्री से ही निर्देश मिलते हैं। डीजीएमओ ने पाकिस्तान के समकक्ष के अनुरोध पर, अंततः, युद्धविराम की सहमति दी। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-पाक के बीच युद्धविराम का फैसला नहीं लिया। ट्रंप को दक्षिण एशिया की परिस्थितियों का सम्यक ज्ञान भी नहीं है। उन्होंने तो भारत और पाकिस्तान दोनों के नेतृत्व को महान करार दिया है। दोनों की ताकत, समझ और धैर्य की सराहना की है कि उन्होंने युद्धविराम की घोषणा कर दी। ट्रंप का भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू में, बराबर-बराबर, तोलना ही गलत और भ्रामक है। एक तरफ दुनिया का सबसे विराट लोकतंत्र और दूसरी तरफ नाकाम लोकतंत्र, फौज का परोक्ष शासन, क्या दोनों में तुलना हो सकती है।

# आतंकवाद वैश्विक समस्या- आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस बेहतर दुनिया की गारंटी


गोंदिया



वैश्विक स्तरपर आतंकवाद पूरी दुनियाँ के हर देश के लिए गंभीर समस्या बन चुका है, तो उसका पर्याय भ्रष्टाचार भी एक गंभीर समस्या है, क्योंकि यह दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, आतंकवाद को वित्त पोषण भी एक भ्रष्टाचार का ही रूप है, जिसके सहयोग से आतंकवाद उत्पन्न होता है और फलता फूलता है, यानें अस्तित्व में आता है। वैसे तो दशकों से आतंकवाद व भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है, क्योंकि वित्त पोषण यानें भ्रष्टाचार नहीं होगा तो, आतंकवाद पनपता ही नहीं। वैसे तो आतंकवादियों द्वारा बड़ी-बड़ी घटनाएं धमाकों को अंजाम दिया गया है, जिसमें हजारों लाखों लोगों की जान चली गई है, जिसके अनेक उदाहरण है जिसका अभी सटीक उदाहरण भारत में 22 अप्रैल 2025 को फिर देखने को मिला जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई जिसमें विशेष बात यह रही कि उनका धर्म जाति पूछकर मारा गया, जिसमें भयंकर तनातनी ड्रोन मिसाइल चली संभवतः सैकड़ो निर्दोष लोगों की मृत्यु हुई होगी जिसका सीजफायर 10 मई 2025 को दोपहर 3.35 पर हुआ जो 5 बजे से लागू हुआ, व इस संबंध में पहली बार भारतीय पीएम ने 12 मई 2025 को रात्रि 8 बजे राष्ट्र के नाम संदेश में 22 मिनट में विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ आतंकवाद पर भी अति सख़्ती दिखाई जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। चूँकि वैश्विक स्तरपर आतंकवाद को वित्त पोषण करने वाले देशों पर सख्त पादपबंदियां लगाना समय की मांग है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक मंचों पर अब दुनियाँ की आतंक सरपरस्त सरकारों और उनके आकाओं को आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की संधियों समझौता में सख़्ती व कठोरता से बांधना जरूरी है। साथियों बात अगर हम दिनांक 12 मई 2025 को माननीय भारतीय पीएमद्वारा रात्रि 8 बजे अपने 22 मिनट के राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद पर प्रहार की करें तो, उन्होंने आतंकियों को सख़्त संदेश दिया कि भारत में आतंकी गतिविधि करने पर उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं, पाकिस्तान को साफ किया कि उसे आतंकवाद को पनाह देना बंद करना पड़ेगा।वहीं, दुनियाँ से कहा कि पाकिस्तान से किसी तीसरे विषय पर बात नहीं होगी।उन्होंने दुनियाँ को साफ शब्दों में यह संदेश दिया कि पाकिस्तान से किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं होगी। पाकिस्तान से बात सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर होगी। उन्होंने कहा हमारी घोषित नीति रही है। पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद पर ही होगी। पाकिस्तान से बात पीओके पर ही होगी।उन्होंने बताया कि पाकिस्तान से सिर्फ इसी शर्त पर समझौता हुआ है कि, वह आतंकियों को भारत में भेजना बंद करेगा और भारत पर कोई हमला नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को साफ संदेश दिया कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। पाकिस्तान को बचना है तो उसे अपने टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा।इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है।पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर आतंकी जान चुका है कि हमारी बहन बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने उनके ठिकाने उजाड़ दिए। पीएम ने साफ किया कि भारत में आतंकियों के लिए कोई जगह नहीं है। अगर आतंकी भारत को नुकसान पहुंचाएंगे तो भारत दुनिया के किसी भी कोने में उन्हें ढूंढ़कर मारेगा।पीएम ने देश को भरोसा दिलाया कि जब तक सब एकजुट हैं, तब तक ऐसे मजबूत फैसले लिए जाते रहेंगे और देश किसी भी मुश्किल से निपटने में समर्थ है। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अब आतंकवाद को और नहीं सहेगा।हर आतंक वादी घटना के खिलाफ लड़ने में देश सक्षम है और इसके लिए प्रतिबद्ध है। इस लड़ाई में देश में बने स्वदेशी हथियार सेना और सुरक्षाबलों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने किस तरह सीमा पार आतंकियों का खात्मा किया। उन्होंने यह भी बताया कि जब पाकिस्तान ने आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर हमला किया तब भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आतंकियों, पाकिस्तान और दुनिया को लेकर साफ संदेश भी दिए। साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तर पर अधिकतम देश आतंकवाद से पीड़ित होने की करें तो, वर्तमान समय में अधिकतम देश आतंकवाद और भ्रष्टाचार की त्रासदी से पीड़ित हैं क्योंकि अनेकों छोटे देशों से लेकर पूर्णविकसित देशों में भी आतंकवाद और भ्रष्टाचार ने सशक्त होकर तीव्रता से पैर पसारे हैं और आश्चर्यजनक एवंअविश्वसनीय खतरनाक मिशन को अंजाम दिया जाता है, जिसमें हमने आम जनमानस सहित अनेकों वैश्विक हस्तियों को खोया है इसलिए अब डिजिटल युग में समय आ गया है कि आतंकवाद और भ्रष्टाचार को जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाकर उनकी जड़ों को काटा जाए जिससे उनके पनपने और कल्पवृक्ष धारण करने के रास्ते समाप्त हो जाएंगे तो आतंकवाद और भ्रष्टाचार रूपी वृक्ष सूख कर गिर जाएगा। वैश्विक स्तरपर आतंकवाद पूरी मानव जाति को प्रभावित कर रहा है, क्योंकि आतंकवाद का कोई जाति धर्म मजहब नहीं होता है इसलिए इसका मुकाबला करने सारी दुनियाँ को एक मंच पर लिए गए निर्णय को मिलकर क्रियान्वयन करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या किसी एक आतंकी की नहीं है कि उससे निपट लिया जाए यह आतंकवाद है, इसकी जड़ें अनेकों देशों तक फैली हुई है जो छोटे देशों ही नहीं परंतु बड़े बड़े विकसित देशों तक फैली हुई है। अमेरिका का 9/11 भारत का मुंबई बम धमाका, संसद अटैक, ताजमहल होटल अटैक से लेकर अनेकों वारदातों के अंजाम भुगतकर आज भी हम आतंकवाद से पीड़ित हैं इसीलिए इसे समाप्त करने के लिए सबसे पहले इनकी जड़ें काटना जरूरी है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण जड़ों में से एक वित्तपोषण है जिसे समाप्त करने के लिए पूरी दुनिया को एकजुट होना अत्यंत ही जरूरी है। साथियों बात अगर हम आतंकवाद को समाप्त करने की करें तो, जब तक उसके फलने फूलने के रास्तों को ढूंढ कर उन्हें नष्ट नहीं करेंगे, तब तक यह समस्या यूं ही फलती फूलती रहेगी और मुंह फाड़े नुकसान पहुंचाती रहेगी इसलिए इसकी सबसे महत्वपूर्ण जड़ कोई है तो वह टेरर कैंप, डर्टी माइंड, ब्रेनवाश बेरोजगारी, हेट स्पीच जैसीअनेकों जड़े हैं और इन जड़ों के पनपने का एक महत्वपूर्ण रास्ता है वित्तपोषण याने टेरर फंडिंग इसलिए यदि इसकी इस मूल जड़ को ही काटा जाए तो इसके सहभागी जड़ों पर अपने आप विपरीत प्रभाव पड़ जाएगा और समाप्ति की ओर कदम बढ़ जाएंगे इसलिए नो मनी फॉर टेरर पर वैश्विक एकता बनाकर कार्य योजना तैयार कर उसे सख्ती से क्रियान्वयन करने का की आवश्यकता को रेखांकित करना वर्तमान समय की मांग है

साथियों बात अगर हम भारत में आतंकवाद की करें तो भारत ने तीन दशकों से अधिक अवधि में कई प्रकार के आतंकवाद और इसके वित्तपोषण का सामना किया है, इसलिए वह इस तरह से प्रभावित राष्ट्रों के दर्द और आघात को समझता है। शांतिप्रिय राष्ट्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के मामले में निरंतर सहयोग के लिए एक पुल बनाने में मदद करने हेतु, भारत नें दो वैश्विक कार्यक्रमों - दिल्ली में इंटरपोल की वार्षिक आम सभा और मुंबई एवं दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद विरोधी कमेटी के एक विशेष सत्र - की मेजबानी की थी। नो मनी फॉर टेरर (एनएमएफटी) विभिन्न राष्ट्रों के बीच समझ और सहयोग विकसित करने के हमारे प्रयासों को आगे बढ़ाएगा।'नो मनी फॉर टेरर' बातचीत में होने वाली चर्चा आतंकवाद और आतंकवाद के वित्तपोषण के वैश्विक रुझानों, आतंकवाद के लिए धन के औपचारिक और अनौपचारिक चैनलों के इस्तेमाल, उभरती प्रौद्योगिकियों और आतंकवाद के वित्तपोषण और संबंधित चुनौतियों का सामना करने के लिए अपेक्षित अंतरराष्ट्रीय सहयोग होगी। अतः अगर हम अपलोड पूरे होने का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आतंकवाद वैश्विक समस्या- आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस बेहतर दुनिययाँ की गारंटीवैश्विक स्तरपर आतंक को वित्त पोषित करने वाले देशों पर सख़्त पाबंदियाँ लगाना समय की मांगवैश्विक मंचोंपर अब दुनियाँ की आतंक सरपरस्त सरकारों और उनके आकाओं को आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की संधियों समझौता में सख़्ती व कठोरता से बांधना जरूरी हैं।

## उदय किशोर साह
## अमीरी का सब है यार
### कविता



धन दौलत बना रिस्तों का नया पैमाना
कलियुग का आया है जहाँ नया जमाना
खून का रिशता बना जग में अब बेगाना
गर्त में जा रहा है ये बेशर्म अफसाना
अपना अपनों के बीच खड़ी है। दीवार
कोई किसी का ना हुआ ये जग संसार
मतलब से बन रही है यहाँ पे सरकार
लूट खसोट का खुल गया है दरबार
गरीबी बना देती है सब को लाचार
अमीरी भुला देती है रंक का द्वार
अमीरों का होता है समृद्ध परिवार
गरीबों पे हँसता है ये जालिम संसार
काश ! ये गरीबी जग में ना कभी आता
गरीबी अमीरी का खाई ना बन पाता
लाचारी पे जग ना कभी यहाँ हँसता
पैसे से जग में कहीं प्यार भी ना बिकता
कैसा दिन दिखलाया। तूँ अब भगवन
मुस्कुराने के लिये तड़प रहा है बचपन
पौधा लगा दे धरा पे जहाँ हो अपनापन
जहाँ खुशियों का दिख जाये गुलशन

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# खिलजी परिवार का शिक्षा दान ऐतिहासिक व अनुकरणीय :- बोहरा

वेलकम इंडिया

**बाड़मेर।** 12 मई, 2025। वतर्ममान समय में जहां एक ओर विभिन्न सामाजिक अवसरों, रीति-रिवाजों, आयोजनों आदि पर दिखावे को लेकर उल जूलूल खर्च किया जा रहा है, वहीं सांसियों का तला के खिलजी परिवार ने बहुत शानदार व अनूठी पहल करते हुए अपने पिता की स्मृति में अनुकरणीय मिसाल कायम की है। जिस कड़ी में हाजी अब्दुल शकूर खिलजी के इंतकाल पर समाज सहित मौजीज लोगों की उपस्थिति में 7 लाख 51 हजार रुपए का शिक्षादान करते हुए सम्बन्धित संस्थाओं को राशि भेंट की। सामाजिक कार्यकर्ता व स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि सोमवार को सांसियों का तला में खिलजी निवास पर आयोजित कार्यक्रम में दिवंगत हाजी अब्दुल शकूर के सातों पुत्रों ने अपने पिता की स्मृति में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला को 2 लाख 51 हजार रुपए सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं को कुल 7 लाख 51 हजार रुपए की राशि भेंट की। अमन ने कहा कि खिलजी परिवार का यह कार्य सही मायनों में ऐतिहासिक, अविस्मरणीय व अनुकरणीय है। खिलजी परिवार के हाजी सतार खान सहित सातों भाईयों ने अपने पिता की स्मृति में शिक्षा दान का यह बहुत ही अच्छा निर्णय लिया। जिसकी सभी लोग सहराना कर रहे है। खिलज परिवार के सदस्य रहीम खिलजी ने बताया कि पिता हाजी अब्दुल शकूर के इंतकाल पर परिवार के सभी सदस्यों ने यह निर्णरू लिया कि हमें पिता की स्मृति में कोई नेक कार्य करना है। इस दौरान गांव के मौजीज कूम्पसिंह झाला, जामा मस्जिद बाड़मेर के शाही इमाम हाजी लाल मोहम्मद सिद्धिकी, समाजसेवी लूणसिंह झाला, इंतेजामिया कमेटी सदर हाजी असलम कुरैशी, नायब सदर हाजी गुलाम नबी खिलजी, स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन, कमरूद्दीन कुरैशी, हाजी सतार खान, मुख्तियार खान, हाजी मोहम्मद अली, अयूब खान, सिकन्दर खान, रहीम खान, इब्राहीम खान, सहित बड़ी संख्या में समाज और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# इन दिनों किताबों की दुनिया बदल रही है।


विजय गर्ग

किताबों का इतिहास बहुत दिलचस्प है। पहले यह माना जाता था कि मुद्रित पुस्तकों की प्रक्रिया 1448 ई. में शुरू हुई थी। इसकी शुरूआत 1500 में हुई, जब जोहान्स गुटेनबर्ग ने प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया। लेकिन बाद में यह बात गलत साबित हुई। । हालाँकि, पाँच हजार साल पहले भी किताबें थीं, लेकिन वे आज जैसी नहीं थीं। वे प्राचीन पुस्तकें सफेद मिट्टी की पट्टियों पर लिखी गयी थीं। इन प्रारंभिक पुस्तकों के अवशेष सरगान, बोबल आदि स्थानों पर पाए गए हैं। बेबेल, जिसे आज हम बेबीलोनिया कहते हैं, में लगभग ढाई हजार ऐसी छुट्टियां मिली हैं। इन्हें विभिन्न विषयों में वर्गीकृत किया गया है, जैसे ज्योतिष, व्याकरण, चिकित्सा आदि। चीन के पहले यात्री फाह्यान ने 399 से 414 ई. तक यात्रा की थी। वह 1920-2000 के बीच भारत आए थे। अपने यात्रा वृत्तांत में उन्होंने शैक्षिक केंद्रों में पुस्तकालयों के अस्तित्व पर प्रकाश डाला था। एक अन्य चीनी यात्री ह्वेन त्सांग ने 629 से 645 ई. तक यात्रा की थी। उन्होंने 1811 में मध्य एशिया और भारत का शैक्षिक दौरा किया। उन्होंने रेशमी कपड़े, भोजपत्र, चमड़े और लकड़ी के चौकोर टुकड़ों पर हाथ से लिखी गई पुस्तकों का उल्लेख किया। हालाँकि, तब तक चीन के हान राजवंश के दौरान कागज का आविष्कार हो चुका था। काई लुन नामक व्यक्ति को कागज का आविष्कारक माना जाता है। लेकिन वहां से अन्य देशों तक पहुंचने में काफी समय लग गया। जब कागज अस्तित्व में आया तो इसका उपयोग किताबें लिखने के लिए किया जाता था। गुटेनबर्ग ने 1448 ई. में प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया था। सन् 1811 में उन्होंने अपने मुद्रण-यंत्र से पहली पुस्तक, बाइबल, छापी। लंबे समय तक इस बाइबल को पहली मुद्रित पुस्तक माना जाता रहा। लेकिन उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में यह सम्मान तिब्बत के एक मठ में मिले 'हीरा सूत्र' को दिया गया। यह एक बौद्ध धर्मग्रंथ है, जिसका पाली भाषा से चीनी भाषा में अनुवाद किया गया है। दरअसल, जोहानिस गुटेनबर्ग से बहुत पहले बौद्ध भिक्षुओं ने मुद्रण की एक विधि का आविष्कार कर लिया था। इस पद्धति में मुद्रित की जाने वाली सामग्री को लकड़ी के चौकोर टुकड़ों पर उल्टा लिखा जाता था। फिर, स्याही वाले भाग को छोड़कर, लकड़ी की शेष सतह को खोखला कर दिया गया और समतल कर दिया गया। एक पुस्तक के लिए ऐसे कई टिकट बनाने पड़ते थे। यह काफी कठिन काम था, लेकिन एक बार टिकट तैयार हो जाने के बाद किताबों की 50-100 प्रतियां छापना आसान हो गया। लगभग बारह सौ साल पहले किताबों की दुनिया के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी। डायमंड सूत्र 868 ई. में लिखा गया था। इसे इसी मुद्रांकन विधि का उपयोग करके मुद्रित किया गया था पुस्तकों की एक लम्बी परम्परा रही है। इसे ज्ञान का भण्डार कहा जाता है। किताबें इस दुनिया को बदलने का एक साधन बन गई हैं। महाभारत में भगवान कृष्ण द्वारा दी गई गीता की शिक्षाएं आज एक पुस्तक के रूप में संरक्षित हैं। बाइबल, कुरान, रामायण और वेद पवित्र ग्रंथ हैं। लेकिन इसका स्वरूप एक किताब जैसा है। किताबें देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं। अंग्रेजी इतिहासकार और दार्शनिक थॉमस कार्लाइल ने पुस्तकों के बारे में कहा है - मानव जाति ने जो कुछ भी किया, सोचा, हासिल किया या घटित हुआ, यह सब पुस्तकों के जादुई पन्नों में सुरक्षित है। अर्थात पुस्तकें मानवता के दस्तावेज हैं। पुस्तकें मनुष्य को जीवन का मार्ग दिखाती हैं, जीने के नए तरीके सुझाती हैं। अंग्रेजी लेखिका डोरोथी व्हिपल इस तथ्य को इस प्रकार प्रस्तुत करती हैं झ ह्लपुस्तकें समय के विशाल सागर में स्थापित प्रकाश स्तम्भ हैं।ह्व लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक पुस्तकों के बहुत बड़े भक्त थे। उनका कथन है - मैं अच्छी पुस्तकों का नरक में भी स्वागत करूंगा, क्योंकि उनमें जहां भी वे रहती हैं, वहां स्वर्ग बनाने की शक्ति होती है। - इसका मतलब यह है कि किताबें हमारे जीवन में सच्ची मार्गदर्शक और प्रेरणा के स्रोत की भूमिका निभाती हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू कहते थे - +हम पुस्तकों के बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं कर सकते।4 वास्तव में, पुस्तकें व्यक्तित्व के समग्र परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किसी विद्वान ने पुस्तकों को सभ्यता की आंखें कहा है।

किताबों से दोस्ती करने का सबसे अच्छा समय बचपन है। इस उम्र में एक बार दोस्ती हो जाए तो वह जीवन भर चलती है। शिक्षाविद् डी.एस. कोठारी बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप पुस्तकें उपलब्ध कराने के बड़े समर्थक थे। उनके शब्दों में - बाल साहित्य पढ़ने से बच्चे का बौद्धिक क्षितिज विस्तृत होता है और वह दृश्यमान परिवेश के प्रति अधिक संवेदनशील बनता है। यह बच्चों में प्रकृति, पर्यावरण और पर्यावरण के सजीव और निर्जीव तत्वों के प्रति जिज्ञासा और जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है। सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों से जुड़ने में साहित्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किताबें कुछ कहना चाहती हैं, वे आपके साथ रहना चाहती हैं। इस कविता में पुस्तकों के महत्व को रेखांकित किया गया है। यदि आप इसे पढ़ेंगे तो आपको पता चल जाएगा, हाँ! पुस्तक में हर पहलू को शामिल किया गया है। लेकिन यह भी सच है कि आजकल किताबों की कद्र बहुत कम हो गई है। किताबों से हमारी दोस्ती इसलिए हुई क्योंकि हमारे परिवार और पड़ोस के बड़े-बुजुर्ग किताबें पढ़ा करते थे। उन्हें देखकर हम भी किताबों के पन्ने पलटने लगे। फिर एक समय आया जब हम किताबों की दुनिया में उतरने लगे। अब समय बदल गया है. समाज किताबों से दूर हो गया है। बूढ़े से लेकर जवान, यहां तक कि बच्चे भी कर्ण के बाद मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं। जिन शब्दों में कभी जिंदगी धड़कती थी, वे अब अलमारी में बंद किताब के पन्नों में सिमट कर रह गए हैं। आजकल किताबों की दुनिया बदल रही है। पहले तो ढेरों किताबें होती थीं - धर्म पर, कर्म पर, ज्ञान पर, कहानियाँ, कविता, उपन्यास, दर्शन, इतिहास, काव्य से लेकर महाकाव्य तक... लेकिन अब सब कुछ एक फोटो मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप में मिल जाता है। असीमित डेटा की दुनिया अमर रहे! इसका मतलब यह है कि किताबों की दुनिया अब डिजिटल युग में प्रवेश कर चुकी है। शब्दों की शक्ति किताबों से ऑनलाइन तक पहुंच गई है। अब ई-पुस्तकों का युग आ रहा है। किताबों के मोमबत्ती संस्करण निकलने लगे हैं।

# राजेश कोछड़ खत्री सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

वेलकम इंडिया

**मोगा**-खत्री सभा मोगा के चेयरमैन विजय धीर एडवोकेट एवं अध्यक्ष डा. एम एल जैदका ने आज यहां खत्री भवन में खत्री सभा सदस्यों की एक बड़ी सभा में खत्री सभा के वरिष्ठ सदस्य पत्रकार राजेश कोछड़ को खत्री सभा मोगा का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर सदस्यों ने नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कोछड़ का सिरोपा पहनाकर व फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सभा के महासचिव बलजिंदर सिंह सहगल ने बताया कि सभा के प्रचार सचिव एवं ब्रांड एम्बेसडर राकेश सितारा ने सभा को राजेश कोचर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने का सुझाव दिया था। इसके लिए सभा ने राकेश सितारा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खत्री सभा के चेयरमैन विजय धीर एडवोकेट और अध्यक्ष डॉ.



एमएल जैदका ने कहा कि खत्री सभा मोगा पंजाब भर में स्थानीय खत्री सभाओं में से एक अग्रणी स्थानीय खत्री सभा है जो पूरे पंजाब में एक मजबूत और संगठित समाज मानी जाती है। धीर व जैदका ने कहा कि जर्नलिस्ट एसोसिएशन पंजाब

पंजाब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पत्रकार राजेश कोछड़ के खत्री सभा मोगा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने से खत्री सभा मोगा की टीम और भी मजबूत होगी। इस अवसर पर नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कोछड़ ने उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा मुख्य पदाधिकारी एमएल मोलादी, महिला खत्री सभा के कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व प्रिंसिपल सुमन मल्होत्रा, युवा खत्री सभा के अध्यक्ष जगजीवन धीर, प्रधान हरप्रीत सिंह सहगल, पूर्व तहसीलदार जसवंत दानी, मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. जसवीर सिंह सहगल, प्रदीप भंडारी, राकेश सितारा, निसी राकेश विज, सुमन कांत विज, पूर्व एमसी कृष्ण सूद, संजीव कौरा, सुरिंदर पुरी मनुके, सुशील सियाल, सुभाष उप्पल, सनी शामिल थे। भंडारी, अमीश भंडारी, अजय सच्चर, करतार सिंह सोढ़ी, डॉ. महिंदर पाल सभ्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आदर्श पब्बी, शिवांग साहनी, पवन कपूर, सरबजीत मेंगी, अशोक कालिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

# इं. अमित कुमार अध्यक्ष, इं. विपिन कुमार सचिव एवं इं. दयानंद जोशी वित्त सचिव चुने गये

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर** : पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-6, नजीबाबाद में इं. अमित कुमार की अध्यक्षता में जूनियर इंजीनियर्स कक्ष में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अन्यत्र खण्ड से स्थानांतरित होकर आए सदस्य सहायक अभियंता इं. ईश्वर सिंह का स्वागत किया गया। इसके पश्चात खण्ड की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया।

सर्वसम्मति से सिडिइए की खण्डीय कार्यकारिणी हेतु इं. अमित कुमार अध्यक्ष, इं. विपिन कुमार सचिव एवं इं. दयानंद जोशी वित्त सचिव पद पर चुने गये। बैठक में सहायक अभियंता इं. संजय गुप्ता एवं इं. ईश्वर चन्द्र, जूनियर इंजीनियर अमित कुमार, अनुज



कुमार, विकास वारी, गौरव चाँदी, दयानंद जोशी, पं.विपिन कुमार, राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं सत्यवीर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन इं. विपिन कुमार ने किया।

# मातृ दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर में सैंकड़ों की मुफ्त जांच



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर**। मातृ दिवस के उपलक्ष में भारत विकास परिषद गौरव शाखा के तत्वावधान में वीर खेड़ा गांव में विशेष स्वास्थ्य सेवा शिविर लगाया गया। शुभारंभ अध्यक्ष अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि जगत की महान विभूति है मां। मां के बिना सृष्टि ही अधूरी है। संतान का परम दायित्व है कि वह अपने माता-पिता और गुरु का सम्मान करते हुए उनकी सीख पर अमल करे। शिविर में डॉ राहुल भारद्वाज और दीपाली भारद्वाज ने 129 रोगियों की रक्त जांच कर मुफ्त उपचार किया और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। लकी पैथालॉजी के सौजन्य से रक्त जांच के साथ साथ 32 रोगियों की ईसीजी जांच पड़ताल निशुल्क की गई। अध्यक्ष अनिल कुमार सचिव विजय गर्ग कोषाध्यक्ष सजल गर्ग विजय गोयल एस के गोयल अजय गर्ग अशोक कंसल मंजू कंसल सीमा गर्ग सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए शिविर संचालन में उल्लेखनीय योगदान दिया।

# लालनेर गांव में बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली भव्य शोभायात्रा



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव लालनेर में बुद्ध शोभायात्रा डीजे झाकियों सहित धूमधाम से निकाली गई। वैशाख बुद्ध पूर्णिमा पर विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश सागर और भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लव कुश पंडित ने फीता काटकर किया। डॉ बीआर अंबेडकर समिति लालनेर के संयोजन में भगवान बुद्ध की शोभायात्रा आकर्षक झाकियों एवं बैंड बाजों सहित धूमधाम से निकाली गई। बुद्ध पूर्णिमा पर डॉ बी आर अंबेडकर समिति लालनेर के संयोजन में भगवान बुद्ध की शोभायात्रा आकर्षक झाकियों एवं बैंड बाजों सहित धूमधाम से निकाली गई। लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। युवा बैंडो की आकर्षक धुनों पर नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा की शुरूआत अम्बेडकर पार्क से पूरे गांव में निकली गई साथ ही बुद्ध की आरती उतारी। जगह जगह ग्रामीणों ने खाने पीने का सामान वितरित किया। शोभायात्रा पर लोगों ने अपनी अपनी छतों से पुष्पवर्षा की। युवा चक्रवर्ती सम्राट अशोक और जय भीम के नारे तथा भगवान बुद्ध की जय जयकार कर रहे थे। सतीश सागर पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा साहिल जाटव प्रशांत नंबरदार विमल जाटव गुलवीर सिंह बौद्ध मुनेश मास्टर जी सीएम गौतम जिला मीडिया प्रभारी भारत विकास आदि लोग मौजूद है।

# खेत में कीटनाशक दवा छिड़कने से किसान की मौत



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर** : थाना क्षेत्र के गांव अगरी में एक किसान की खेत में दवा छिड़कते समय मौत हो गई। मृतक की पहचान दीप सिंह (35) वर्ष पुत्र ब्रजवीर सिंह के पुत्र के रूप में हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दीप सिंह अपने खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे था। इस दौरान तेज गर्मी और दवा के प्रभाव से वह बेहोश होकर गिर गया। आसपास काम कर रहे लोगों ने उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजन नेपाल सिंह ने बताया कि दीप सिंह खेत में दवा का स्प्रे करने गए था। भीषण गर्मी और दवा की वजह से उनकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, डिबाई पुलिस को मिली बड़ी सफलता



वेलकम इंडिया

**डिबाई**। जनपद बुलंदशहर में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना डिबाई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ तेजवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार के मार्गदर्शन में थाना डिबाई प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह के नेतृत्व में तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राहुल पुत्र अलीशेर निवासी घुसराना हरी सिंह, ओमकार पुत्र हजारी लाल निवासी तलवार, और जाविद पुत्र इशाक निवासी दानपुर शामिल हैं। इन तीनों के विरुद्ध विभिन्न संगीन धाराओं में आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम में उ0नि0 राजेश सिंह, उ0नि0 कृपाल सिंह और उ0नि0 पारस चौधरी शामिल रहे।

# छात्रा ने की कोर्ट मैरिज, आरोपी की हत्या में छात्रा का पिता गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव खाजपुर में बीए की छात्रा के लापता होने और उसके अपहरण के मामले में नामजद आरोपी की मौत होने के मामले में नया मोड आ गया है। पुलिस ने छात्रा को महाराष्ट्र से बरामद कर लिया है। छात्रा ने ब्वॉयफ्रेंड के साथ कोर्ट मैरिज करने का दावा किया है। इधर पुलिस ने नामजद आरोपी की हत्या के आरोप में छात्रा के पिता को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बता दे कि गांव खाजपुर निवासी बीए की छात्रा दो मई को परीक्षा देने के लिए गई थी। लापता होने पर चार मई को गांव के अर्जुन लोधी के खिलाफ छात्रा के अपहरण में परिजनों ने केस दर्ज कराया था। सात मई को



अर्जुन लोधी की लाश जामुन के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली थी। अर्जुन के परिजनों ने हंगामा करते हुए लड़की पक्ष पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए लड़की के पिता समेत चार आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार की देर शाम औरंगाबाद पुलिस ने लापता छात्रा को महाराष्ट्र से बरामद कर लिया। छात्रा ने गांव जनौरा निवासी प्रेमी मोहित से कोर्ट मैरिज करने का दावा करते हुए पुलिस को दस्तावेज दिखा दिए। पुलिस ने छात्रा को रात में वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। सोमवार को छात्रा के कोर्ट में बयान दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। जिसके बाद पुलिस आगे की कारवाई करेगी। पुलिस ने छात्रा के अपहरण के मामले में नामजद अर्जुन लोधी की हत्या के आरोप में छात्रा के पिता सुरेंद्र लोधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक अर्जुन की पीएम रिपोर्ट आ गई है। जिसमे उसके आत्महत्या करने की बात सामने आई है। लड़की को बरामद कर लिया गया है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी




वेलकम इंडिया

**बुगरासी**। सोमवार 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवानपुर गंगा घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा पुन्य कमाया। इसको बैसाखी पूर्णिमा भी कहते हैं। महर्षि भृगु जयंती भी इसी दिन मनाई जाती है। भगवानपुर गंगा घाट पर क्षेत्र के गांव रूखी रवानी कटीरी बुगरासी सुलैला जलालपुर हाजीपुर किसोला धनियावली मांकडी क्रियावली बरहाना बुकलाना घुंघरावली बनभोरा निजामपुर फरीदा बांगर सहित गंगा पार के जिले अमरोहा से भी दर्जन भर गांवो के श्रृद्धालु गंगा मे डुबकी लगा पुन्य कमाने आते है। दिल्ली गाजियाबाद हरियाणा पंजाब से भी श्रृद्धालु गाडियां लेकर पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आते हैं।

# रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप द्वारा 17 मई को आयोजित होगी जो जीता वही सिकंदर

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**धामपुर** : जनपद की नृत्य गायन एवं वादन क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करके उचित मंच दिलाने हेतु गठित संस्था रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप की ओर से आगामी 17 मई को आयोजित होने वाली जो जीता वही सिकंदर शीर्षक पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता की तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं। जिसके अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियो से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित किया जा रहा है ताकि कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अभूत पूर्व बनाया जा सके। जानकारी देते हुए रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के डायरेक्टर एवं कोरियोग्राफर रोमियो मयूर संस्था के संरक्षक दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन तथा शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान संस्था के अध्यक्ष प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान,



उपाध्यक्ष सुगम जैन, महासचिव आर के आर्य एडवोकेट, महिला विंग की अध्यक्ष बबीता गुप्ता तथा उपाध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी और संस्थापक दिव्या खान ने संयुक्त रूप से बताया कि नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के दुर्गा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग परिसर में 17 मई को प्रातः 10 बजे से आयोजित होने वाले जो जीता वही सिकंदर शीर्षक पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता समारोह के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद धामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, रोटरी क्लब धामपुर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन शिवेंद्र अग्रवाल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष सुगम जैन, समाजसेवी महिला चिकित्सक एवं कंसलटेंट फिजियोथैरेपिस्ट डॉ करिश्मा सक्सेना, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नहटोर की प्रधानाचार्य बबीता रानी, एम टी सी ए कॉन्वेंट स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर आफताब सिद्दीकी, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील अग्रवाल पचरंगी, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नितिन शर्मा, पत्रकार सरदार सतविंदर सिंह गुजराल, जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वाइस प्रेसिडेंट सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी आदि रहेंगे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल मे हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी तथा धामपुर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता को शामिल किया गया है जबकि प्रतियोगिता समारोह के संचालन का दायित्व शुभम वालिया को सोपा गया है।

# छात्र छात्राओं को किया यातायात के नियमों, मिशन शक्ति व साईबर क्राइम के प्रति जागरूक

वेलकम इंडिया

**झांसी** ! वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक आदेशानुसार ज्ञान स्थली बालिका इंटर कॉलेज बड़ा गांव गेट बाहर यातायात नारी शक्ति, मिशन, साईबर क्राईम, के संयुक्त विषय पर जागरूकता कार्यक्रम द्वारा संयोजन में श्री शिव प्रताप तिवारी, कौशल किशोर गुप्ता, संजीव दुबे द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता श्रीमती अर्चना गुप्ता द्वारा की गयी। जिसमें परिवहन विभाग के अधिकारी संजय सिंह मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि यातायात संरक्षक उमाकांत ओझा रहे। विशिष्ठ अतिथि महिला थाना उपनिरीक्षक श्रीमती पूजा चौधरी रहीं जिन्होंने महिला शशक्तिकरण हेतु बालिकाओं को सम्बोधित किया। साईबर क्राईम सैल से अजीत शर्मा द्वारा साईबर क्राईम



विषय पर वृहत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को साईबर क्राईम और मोबाईल के प्रयोग की जानकारी दी गई। वरिष्ठ ट्रेफिक चीफ वार्डन शिव प्रताप तिवारी, कौशल किशोर गुप्ता दिलीप सिंघल संजीव दुबे, नीलम शर्मा, राघवेन्द्र वर्मा, पीयूष शर्मा द्वारा यातायात सम्बन्धित नियमों की जानकारी प्रदान की गई।

# जी० एम० नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने फ्लोरेंस नाईटेंगल के जन्मदिवस पर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** कुंजेरा रोड नीमगाँव स्थित जी० एम० नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फ्लोरेंस नाईटेंगल जन्मदिवस पर अंतरास्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया जिसमे नर्सिंग स्टाफ ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर केक काटा। नर्सिंग स्टाफ से विकाश सर ने छात्र छात्राओं को नर्सिंग दिवस के बारे में जानकारी देते बताया की अंतरास्ट्रीय नर्सिंग दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जो दुनिया भर में नर्सों के योगदान का सम्मान करता है। 12 मई को मनाए जाने वाला यह दिन, आधुनिक नर्सिंग की नींव रखने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जन्म तिथि के सम्मान में मनाया जाता है। वही कॉलेज डायरेक्टर बी०बी० शर्मा ने भी इस उपलक्ष्य में छात्र छात्राओं को नर्सिंग दिवस के बारे में बताया की इस दिन नर्सों के समर्पण, करुणा और अटूट प्रतिबद्धता को याद किया जाता है। नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं, जो रोगियों को देखभाल प्रदान करती हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आज, अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस न केवल नर्सों को धन्यवाद कहने का दिन है, बल्कि नर्सिंग पेशे के महत्व को भी उजागर करने का अवसर है। यह हमें नर्सों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने और नर्सिंग कार्यबल को मजबूत करने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता पर भी ध्यान दिलाता है। इस दिन, हमें फ्लोरेंस नाइटिंगेल के उदाहरण से प्रेरित होकर, नर्सिंग और स्वास्थ्य देखभाल में निवेश को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने की आवश्यकता पर विचार करना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस 2025 का थीम है ₹हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।₹ यह थीम नर्सों के स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित है और समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का समर्थन करने में एक स्वस्थ नर्सिंग कार्यबल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है। आज, हम सभी को नर्सों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करनी चाहिए और नर्सिंग पेशे के महत्व को स्वीकार करना चाहिए। आइए हम सब मिलकर नर्सों के कल्याण के लिए काम करें और उन्हें मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने में सक्षम बनाएं। वही ए० एन० एम० व जी० एन० एम० के छात्र छात्राओं ने गोवर्धन स्थित नारंद कुण्ड में व्रक्ष रोपण कर फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद किया इसमे कॉलेज के स्टाफ का भी सहयोग रहा जिसमे कॉलेज प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डॉ तेजेंद्र शर्मा ,विशाल सिंघल, कोमल गोस्वामी, कन्हैया सैनी, नेहा, राहुल सिनसिनवार, विकाश यादव, रामकुमार सैनी, गुरुदेव, बलदेव सैनी, दीनदयाल, मनोज समाधियां आदि स्टाफ उपस्थित रहो।

# प्रीविजन कंप्यूटर कोचिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**झांसी।** प्रीविजन कंप्यूटर कोचिंग सेंटर बैंक ऑफ इंडिया के पास पारीक्षा में मुख्य अतिथि- राजीव सिंह पारीछा (विधायक बबीना) के भाई, प्रमोद (कल्लू भैया) एवं राहुल मोहित कनकने (बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर) द्वारा शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सहयोगी सदस्य वीरेन्द्र यादव (ग्राम प्रधान मियाँपुर)

सूर्यकान्त सर रायसानिया बाबा शिक्षा संस्था(सेंटर प्रभारी) ,रवि कुशवाहा (सक्सेस करिएर इंस्टीट्यूट), पर्वत कुमार, ग्यादीन दोहरे (रिटायर रल्ड), किशुनलाल (बाबू जी), जितेन्द्र शर्मा चिरगांव, अनुराग सर चिरगांव, आत्माराम विराटिया, दीक्षा विराटिया, वीरेंद्र दोहरे, राहुल भैया, संदीप भैया, राजा राजपूत, विवेक, अभिषेक एवं अनेक लोग मौजूद रहें। कंप्यूटर कोचिंग सेंटर की डायरेक्टर प्रियंका विराटिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जेल की दीवार काटकर चोरी करने पहुंचे दो युवक, एक धरा गया, दूसरा फरार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** केन्द्रीय कारागार-2 बरेली की सुरक्षा को लेकर उस वक्त हड़कंप मच गया जब शनिवार दोपहर दो अज्ञात युवक जेल की बाहरी दीवार पर लगी लोहे की रेलिंग चोरी-छिपे काटते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। हेड जेल वार्डर मुकेश चन्द और सिपाही बिल्लू राणा जब मौके पर पहुंचे तो एक युवक को चोरी की रेलिंग के साथ मौके पर ही दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी से मिली चोरी की भनक 11 मई को जेल के सर्वर रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध गतिविधि नजर आई। कैमरे में दिखा कि दो युवक जेल कैम्पस की दीवार पर लगी लोहे की रेलिंग काट रहे हैं। तत्काल हरकत में आते हुए हेड वार्डर मुकेश चन्द और जेलकर्मी बिल्लू राणा टावर नंबर 2 और 4 के बीच पहुंचे। जिसके बाद एक आरोपी पकड़ लिया गया, लेकिन दूसरा भाग निकला। मौके पर दोनों चोरों ने पुलिसकर्मियों को देखकर भागने की कोशिश की थी, लेकिन मुकेश और बिल्लू ने उनमें से एक को कटे हुए लोहे की रेलिंग सहित दबोच लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम जितेन्द्र पुत्र दुलीराम निवासी ग्राम नगीपुर, थाना बिथरी चैनपुर बताया।

# नीतू के पैर पखारकर एवं उपहार देकर संघर्ष सेवा कार्यालय से किया विदा

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** बहन-बेटियों के जीवन में विवाह सबसे बड़ा दिन होता है हर लड़की की कामना होती है कि वह विवाह के दिन सज संवरकर सबसे अलग दिखाई दे। कभी-कभी अभाव में लड़कियां इस खुशी से वंचित रह जाती हैं लेकिन कोई न कोई उस अभाव को पूरा करने अवश्य पहुंच जाता है। लक्ष्मी गेट अंदर निवासी नीतू भरतेले जिनके पिता लक्ष्मी नारायण फर्नीचर बनाने का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, संघर्ष सेवा समिति के सदस्य के माध्यम से झोकन बाग स्थित कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने अपने शादी के संबंध में समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप से वातार्लाप की। डॉक्टर संदीप ने उन्हें विवाह के दिन जनपद के प्रतिष्ठित कलर्स ब्यूटी पार्लर से तैयार कराने का आश्वासन दिया। विवाह के दिन नीतू सज संवरकर संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची, जहां डॉक्टर संदीप और अन्य सदस्यों द्वारा उसके पैर पखारे गए साथ ही उपहार के रूप में ट्रॉली बैग, किचन सैट, साड़ी व अन्य उपहार भी भेंट किए गये। संघर्ष सेवा समिति में मिले मान सम्मान से नीतू व उसके परिजनों का खुशी का ठिकाना न रहा, सभी लोग डॉ० संदीप एवं समिति के सदस्यों की सराहना करते नजर आये। भावुक मन से नीतू ने कहा संदीप भईया अच्छे व्यक्तित्व के धनी हैं। बहुत ही कम लोग हैं जो लोगों की सहायता को आगे आते हैं। आज के समय में जहां परिवार में ही आपसी कलह मचा रहता है, वहीं डॉ० संदीप जैसे परोपकारी लोगों का मिलना आसान बात नहीं है। इस अवसर पर राधा प्रजापति, मनोज रेजा, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, भूमि, शरद वर्मा, घनश्याम कुशवाहा, सतनाम सिंह काके, संदीप नामदेव, अरुण पांचाल, महेंद्र रायकवार, राजकुमार गुप्ता, मास्टर मुन्नालाल, राजू सेन, आशीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## थाने में रोते हुए दिखा पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने वाला आरोपी

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** पाकिस्तान के समर्थन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम मोहम्मद साजिद बताया जाता है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद देवरनियां थाना पुलिस ने दबिश देकर उसे घर से दबोच लिया। आरोपी युवक का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह पाकिस्तान मुदार्बाद का नारा लगा रहा है। पुलिस को जांच में पता लगा कि साजिद दर्जी का काम करता है। उसके मोबाइल में कई भड़काऊ वीडियो मिले हैं। जानकारी के मुताबिक देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी मोहम्मद साजिद ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें कुछ युवक झंडा लहराते हुए पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करते दिख रहे हैं। यह वीडियो पाकिस्तान का बताया गया है। इस पोस्ट से हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। हिमांशु पटेल नाम के एक युवक ने मामले की शिकायत एक्स पर पुलिस से की थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले को लेकर गंभीरता दिखाई। थाने के एसएसआई नवदीप कुमार ने साजिद के खिलाफ सामाजिक वैमनस्यता फैलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह रोते हुए दिखाई दे रहा है और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहा है। थाना पुलिस का कहना है कि विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

## मेरी जेब में पुलिस हैङ्कथित मुखबिर ने साथियों संग मोहल्ले में मचाया तांडव

**बरेली।** थाना किला क्षेत्र के कुंवरपुर मोहल्ले में रविवार रात पुलिस का कथित मुखबिर प्रवीन सक्सेना अपने दामाद और करीब 50 से अधिक साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर मोहल्ले में आ धमका और ताबड़तोड़ हमला बोल दिया, जिससे मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर इन दबंगों ने एकतरफा पथराव किया, घरों पर लाठी–डंडों से हमला बोला और खुलेआम तमंचे लहराते हुए फायरिंग की। गलियों में गोलियों की गूंज और चीख–पुकार से पूरा इलाका दहशत के साए में आ गया। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक कार को तोड़ डाला गया। डर के मारे महिलाएं–बच्चे घरों में दुबक गए। पीड़ित राजकुमार कनौजिया, महेश यादव और अन्य स्थानीय निवासियों के मुताबिक हमलावरों में प्रवीन सक्सेना का दामाद बन्टू वाल्मीकि, छोटू पुत्र सुनील फौजी, टूटा, फंदूस, राजकुमार वाल्मीकि, चन्ना, विक्की समेत कई शातिर बदमाश शामिल थे। यह पूरा दल रात करीब 11 बजे हथियारों से लैस होकर मोहल्ले में घुसा और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। घटना के बाद गुस्साए स्थानीय निवासी भारी संख्या में किला थाने पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी प्रवीन सक्सेना पुलिस का कथित मुखबिर है, इसी वजह से पुलिस उसे खुली छूट दे रही है। पीड़ितों ने बताया कि प्रवीन खुलेआम कहता है, कि मेरी जेब में पुलिस है, कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता।

# ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए बेगुनाह लोगों की हुई अंतिम अरदास

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** विगत दिनों कश्मीर घाटी में पाक परस्त आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तानी सरकार के इशारे पर जिन बेगुनाहों की नृशंस हत्या कर दी गई थी, उसी रोष में दुःख प्रकट करते हुए मॉडल टाऊन बरेली स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु गोबिंद सिंह नगर में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार मालिक सिंह कालड़ा जी की कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रागी सिंहों ने गुरुवाणी गायन की, हेड ग्रंथी जी ने अंतिम अरदास कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार ने अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय सेनाओं को भी बधाई दी। उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री स्वतंत्र प्रभार डाक्टर अरुण कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सक्सेना एडवोकेट, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, लोक सभा सह संयोजक डाक्टर के एम अरोड़ा, भाजपा नेता गुलशन आनन्द, ज्ञानी काला सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अशवनी ओबराय, वरिष्ठ पंजाबी एवं व्यापारी नेता सरदार अमरजीत सिंह बख्शी, पंजाबी संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक मनोज अरोड़ा, व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा, भाजपा उपाध्यक्ष देवेंद्र जोशी, भाजपा महामंत्री प्रतेश पांडे, अम्बरीष कठेरिया, डाक्टर विनोद पागरानी, भास्कर, सरदार मनमोहन सिंह बख्शी बिल्ले बाबू, सरदार परमजीत सिंह ओबरॉय, व्यापारी नेता सरदार अमरजीत सिंह किला, डाक्टर विमल भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने की गिरिराज परिक्रमा, चेयरमैन ने किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पैदल गिरिराज सप्तकोसीय परिक्रमा कर मनौती मांगी। परिक्रमा के दौरान गोवर्धन नगर पंचायत चेयरमैन श्री मति प्रभा देवी शर्मा के निवास पर उनका भव्य स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। रविवार रात उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मांट विधायक राजेश चौधरी सहित गिरिराज महाराज की पैदल परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग में गोवर्धन चेयरमैन के आवास पर चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा व संदीप कौशिक ने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का दुपट्टा ओढ़ा कर स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा से धार्मिक नगरी के विकास पर चर्चा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। धार्मिक यात्रा के दौरान उनके साथ दर्जनों समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता साथ थे। इस अवसर पर मांट विधायक राजेश चौधरी, वृन्दावन के पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता मुकेश गौतम, नीमगांव प्रधान जुगल पटेल, पूर्व प्रधान सुरेंद्र चौधरी आदि रहे।

## हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में लगाया निशुल्क मेडिकल कैम्प

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि (श्रीजी मंदिर) बाद ग्राम में ग्रामवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए श्रीहित राधावल्लभ सेवा ट्रस्ट के द्वारा निशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया। मंदिर प्रांगण में लगाए गए निशुल्क मेडिकल कैम्प में ग्रामवासियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। श्रीहित राधावल्लभ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राधावल्लभ मंदिर के सेवायत सुकृत लाल गोस्वामी महाराज ने कहा कि हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में उनकी टीम के द्वारा ग्रामवासियों के लिए सेवाएं देना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। बेहतरीन डॉक्टर्स की टीम ने श्रीहित राधावल्लभ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में मेडिकल कैम्प के अंतर्गत सेवाभाव और समर्पण से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आई है एवं बुजुर्गों ने सभी को आशीर्वाद दिया है। हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम के महंत दम्पति शरण महाराज ने बताया कि महाप्रभुजी की जन्मभूमि में लगाए गए निशुल्क मेडिकल कैम्प में ग्रामीण काफी लाभान्वित हुए हैं। मेडिकल कैम्प में लोगों ने जांच करवाई हैं एवं आवश्यक लोगों को दवाईयां वितरण की गई हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. सूर्य अग्रवाल, डॉ. अनिल गोयल, डॉ. आशीष गोयल, डॉ. बलवीर सिंह, रोहित अग्रवाल सहित अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नीरज वाला स्मृति सम्मान कार्यक्रम में मंत्री अरुण कुमार ने पत्रिका का किया विमोचन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** नीरज बाला की 15वीं पुण्यतिथि पर भारत सेवक समाज के तत्वाधान में समाज सेवी कृष्ण स्वरूप सक्सेना द्वारा रचित पढ़ो, समझो अच्छा करो, कहानी संग्रह का विमोचन प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित समुदाय को अपने सार गर्वित उद्बोधन में कहा कृष्ण स्वरूप सक्सेना का जीवन प्रेरणादाई है हमें इनके जीवन से सीख लेनी चाहिए सेवानिवृत होने के पश्चात भी प्रत्येक दिन विद्यालयों में जाकर बच्चों को नैतिकता का सबक सिखाना एवं खेल-खेल में शिक्षा देना ऐसे अनुपम उदाहरण है उनके जीवन कृतित्व के मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा कि पत्नी नीरज वाला की मृत्यु को लगभग 15 साल हो गए हैं, प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर यह स्वरचित कविताएं तथा कहानी पुस्तक के रूप में संग्रह करके विमोचन करवाते हैं। इस अवसर पर सभासद सतीश मम्मा प्रसिद्ध साहित्यकार इंद्रदेव त्रिवेदी, अर्बन बैंक के निदेशक डॉक्टर सुरेश बाबू रस्तोगी, शिक्षाविद एवं जीआईसी के प्रधानाचार्य एवं कवि डॉक्टर अवनीश यादव, साहित्य भूषण डॉक्टर सुरेश बाबू मिश्रा, निर्भय सक्सैना, अनिल कुमार यादव, अनुज सक्सेना, मनोज गंगवार, डॉ रवि प्रकाश शर्मा, प्रवेश गंगवार, अभय भटनागर, सुरेंद्र बीनू सिंह, अनिल अग्रवाल, संजय शर्मा, कवि रितेश साहनी नेहा मुरारीलाल आदि ने कविताओं एवं कहानियों के माध्यम से पुण्यतिथि पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए शमा बांध दिया।



# सीजफायर उल्लंघन के दौरान शहीद हुए सैनिकों एवं निर्दोष नागरिकों के प्रति दीप प्रज्वलित कर के श्रद्धांजलि दी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडे जी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने नेहरू चौक पर सीजफायर उल्लंघन के दौरान शहीद हुए सैनिकों एवं निर्दोष नागरिकों के प्रति दीप प्रज्वलित कर के श्रद्धांजलि दी।श्रद्धांजलि सभा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडे जी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर जिस तरीके से आतंकवादियों के जिगर पर प्रहार किया ऐसे भारतीय सैनिकों को मेरा शत शत नमन है।लेकिन जिस तरीके से पूरी पाकिस्तानी सेना उन आतंकवादियों के साथ खड़ी दिखाई दी और इसे खुद के ऊपर हमला मान कर अचानक सीजफायर का उल्लंघन किया जिसमे हमारे निर्दोष नागरिक और सैनिक शहीद हुए मै नमन एवं सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिला अध्यक्ष ने कहा कि अगर ट्रंप के हस्तक्षेप से सरकार ने सीजफायर न किया होता आज पाकिस्तान दुनिया के नक्शे से गायब हो गया होता हमे अपनी सेना पर गर्व है कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील कुमार पांडेय शांति देवी अरुण पांडेय रामाश्रय यादव अजय सिंह राजीव गोंड रमेश चौधरी दयाशंकर चौधरी सुग्रीव पासवान जमुना प्रसाद संजय नमन सिंह चौरसिया चुन्नू बाबा गुड्डू उपाध्याय गोलू यादव रवि शर्मा गोलू यादव रवि शर्मा घनश्याम मिश्रा अभिषेक मदन दास जमशेद अख्तर जमाल अहमद मोइन अंसारी मो नजीर रियाज प्रधान रामभरोसे चाचा, परवेज अख्तर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# दबंग भूमाफिया करना चाहते हैं पीड़ित की भूमि पर कब्जा, सीएम को शिकायत

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** नगर निवासी एक युवक ने मुख्यमंत्री, आयुक्त सहारनपुर के साथ उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर पडोसी पर झूठे प्रार्थना पत्र देकर परेशान करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सोमवार को नगर के मौहल्ला शेखजादगान निवासी जितेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री, आयुक्त सहारनपुर के साथ अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि नगर के कांधला उत्तरी में खसरा नंबर 1152म/1 का कुल रकबा 10.6650 है0 है, जिसमें से लगभग 40 बीद्या कृषक भूमि है।उक्त भूमि पीड़ित के पिता ने वर्ष 2001 से 2007 के अन्तर्गत खरीदी है, जिसके मूल बैनामें पीड़ित के पास उपलब्ध है, और पीड़ित व उसका परिवार तभी से उपरोक्त भूमि पर काबिज है तथा उस भूमि पर कृषि कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। विपक्षीगण राजेन्द्र सिंह ने पीड़ित की भूमि के पीछे की तरफ झगडे की एक भूमि वर्ष 2011 में क्रय की थी, जिसकी चारदीवारी विपक्षी के द्वारा तभी करा दी गई थी तथा उपरोक्त भूमि को अपने साथी संदीप, जसबीर, मांगेराम, राजूदीन, सन्नी, शमशीर उर्फ भूरा के नाम करा दी थी। उसके बाद विपक्षीगण राजेन्द्र के द्वारा आबादी दर्ज कराकर प्लाटिंग करा दी है, तथा अपने साथियों के द्वारा पावर आटर्नी कराकर उसका कुछ हिस्सा विक्रय कर चुके है। विपक्षीगण राजेन्द्र सिंह सहारनपुर का एक दबंग व भूमाफिया प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके चलते विपक्षीगण व उसके परिवार पर अलग अलग स्थानों पर सिविल कोर्ट में दर्जनों अभियोग चल रहे है। अपनी राजनैतिक पकड व रसूख के कारण यह लोगों की भूमियों पर अवैध कब्जे कर लोगों को प्रताडित कर उनकी भूमि को हडपता रहता है। विपक्षी के द्वारा सिविल जज जू0डि0 कैराना में वाद संख्या 59/2025 में एक वाद अपनी सम्पत्ति के विभाजन का 2.5267 हे0 पर अपनी भूमि पर यथा स्थिति के आदेश पारित करा लिए, तथा वर्तमान में विपक्षी पीड़ित व उसके परिजनों के ऊपर मिथ्या आरोप लगता रहता है। वर्तमान में पीड़ित की भूमि की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से बढ गई है, जिसके चलते इसके द्वारा अपनी सम्पत्ति के विभाजन का प्रार्थना पत्र दिया है। उपरोक्त व्यक्ति पीड़ित व उसके परिजनों की भूमि पर अपनी गंदी नजर बनाएं हुए है। पीडित ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार 11 अप्रैल को जो आदेश हुआ है कि वह यथा स्थिति तथा क्रय विक्रय ना करने का हुआ है, न्यायालय के द्वारा कोई भी आदेश ऐसा पारित नही किया गया है, जिसमें उपरोक्त भूमि पर स्टे लगाकर पीड़ित व उसके परिजनों को खेती करने से नही रोका गया है। न्यायालय के द्वारा अपने आदेश में यथा स्थिति जो जहां काबिज है वह वही रहेगा का आदेश पारित किया है। पीडित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# ईंट भट्टे पर तूडी डालने गए ट्रैक्टर सवार दो लोगों के साथ मारपीट



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर तूडी डालने के लिए गए दो युवकों के साथ लेबर के आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। बागपत जनपद के गांव असारा निवासी अय्यूब और सद्दाम ट्रैक्टर ट्राली से ईंट भट्ठों पर तूडी डालने का कार्य करते हैं। आरोप है कि सोमवार को ट्रैक्टर ट्राली सवार दोनों लोग थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के समीप ईंट भट्ठे पर तूडी डालने के लिए गए हुए थे। आरोप है कि ईंट भट्ठे पर कार्य कर रही लेबर के लोगों ने दोनों लोगों पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि लेबर के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने जमकर मारपीट की, मारपीट के दौरान दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया।

# विजय हत्याकांड के मामले में सड़कों पर उतरे कस्बे के लोग, निकाला कैंडल मार्च

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** कांधला के चर्चित विजय हत्याकांड के मामले को लेकर आक्रोश शांत होने का नाम नही ले रहा है।मामले में कस्बे की 36 बिरादरी के लोगों ने विजय हत्याकांड के मामले में शामली में एफआईआर दर्ज करने व दोषी लोगों को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर कर कैंडल मार्च निकाला आक्रोशित कस्बे के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर मृतक युवक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शासन से पूरे मामले की व्यापक स्तर पर सीबीआई जांच कराने की मांग की

कस्बे मौहल्ला शेखजादगान निवासी अजब सिंह के 22 वर्षीय पुत्र विजय की 4 मई को कैराना सीमा के अंतर्गत यमुना पुल के समीप शव पड़ा मिला था। मामले में परी परिजनों ने हरियाणा जनपद पानीपत के सनौली थाना चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर हत्या का आरोप लगाया था। मृतक युवक के आवास पर पहुंचे क्षेत्र जनप्रतिनिधियों के साथ परिजन शामली पुलिस प्रशासन से युवक की हत्या के मामले में अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की मांग कर चुके हैं। मामले में घटना के 9 दिन भी जाने के बाद भी शामली पुलिस प्रशासन द्वारा अभियोग पंजीकृत ने किए जाने पर नगर क्षेत्र में गहरा रोष बना हुआ है। बीते रविवार की देर शाम कस्बे के लोगों ने सड़क पर उतरकर कैंडल मार्च निकाला। सैकड़ो लोग कैंडल लेकर सड़क पर उतरे और प्रशासन का पूरे हत्याकांड पर ध्यान आकर्षित करने के लिए नारेबाजी की। कैंडल मार्च कैराना मार्ग वीर शहीद अब्दुल हमीद चौक पर आकर संपन्न हुआ। जहां पर कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने विजय कश्यप हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाते हुए हत्याकांड की व्यापक स्तर पर सीबीआई जांच करने की मांग की। इस दौरान देवीदास जयंत, किरण पाल, श्रवण, विजय सैनी, संजीव, बाबू, जयपाल, प्रदीप, सुभाष, इंद्र, रक्षक, बिट्टू सैनी, अरविंद, सहित दर्जनो लोग सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



## सामान के रुपए मांगे, दबंगों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित किरयाना की दुकान से समान खरीदने के बाद दुकान संचालक द्वारा रुपए मांगने पर एक दर्जन से अधिक युवकों ने दुकानदार सहित चार लोग को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में घायलों को रेफर कर दिया है। दुकान संचालक के भतीजे ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मौहल्ला रायजादगान निवासी सिद्दार्थ शर्मा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर पीड़ित के चाचा विनीत शर्मा ने परचून की दुकान कर रखी है और परचून की दुकान की बराबर में ही पीड़ित के चाचा विवेक शर्मा का होटल स्थित है। पीड़ित के अनुसार रविवार देर शाम बाइक सवार दो युवक किरयाना की दुकान पर पहुंचे और समान खरीदा। आरोप है कि दुकान संचालक विनीत शर्मा के द्वारा समान के रुपए मांगने पर उक्त युवकों ने रुपए देने से इंकार करते हुए गाली–गलौज शुरू कर दी और फोन कर आधा दर्जन बाइकों पर एक दर्जन से अधिक अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है उक्त युवकों ने लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से दुकान संचालक विनीत शर्मा पर हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे होटल संचालक विवेक शर्मा, सूरज और तुषार को भी आरोपी युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में विनीत शर्मा,विवेक शर्मा,तुषार और सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि उक्त युवक कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों ने सीएचसी पहुंचकर अपना डॉक्टरी परीक्षण कराया,जहां से गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने घायलों को रेफर कर दिया है। किरयाना दुकान संचालक के भतीजे सिद्धार्थ ने बादल कश्यप, सावन कश्यप, पुत्र मुकेश कश्यप ,रक्षत कश्यप, पुत्र रामपाल, इंद्रपाल भगत जी के पुत्रों के साथ–साथ एक दर्जन से अधिक आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पत्नी के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने भेजा पति को जेल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम से आठ वर्ष पूर्व युवती का अपहरण कर दुष्कर्म की घटना में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक व्यक्ति ने वर्ष 2017 में थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री का हरियाणा के पानीपत निवासी अंकित पुत्र सूरजभान ने अपहरण कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर युवती सहित आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बाद में युवती व युवक ने कोर्ट में प्रेम विवाह कर अपना घर बसा लिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने पर न्यायालय में प्रस्तुत नहीं होने पर वारंट जारी हो गए थे। वारंट जारी होने पर पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी शामली में अपनी बहन के यहां रिश्तेदारी में आया हुआ है और जनपद के अंजता चौक पर खड़ा हुआ है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया और आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। आरोप युवक अंकित का कहना है कि युवती से उसका प्रेम प्रसंग था प्रेम प्रसंग में दोनों ने कोर्ट के समक्ष प्रेम विवाह किया है, दोनों पति–पत्नी प्रेम के साथ रह रहे हैं और उनके एक पुत्र व पुत्री ने भी जन्म दिया है। न्यायालय से जमानत कराने के बाद वह अपने प्रेम विवाह के दस्तावेज लेकर न्यायालय के समक्ष हाजिर होगा।

## गोबर डालने जा रही युवती के साथ छेड़छाड़ मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में अपने खाली पड़ी प्लांट में गोबर डालने के लिए जा रही है की युवती के साथ गांव के दो मनचलों ने छेड़छाड़ कर दी विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता सहित परिवार के लोगों के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि रविवार की देर शाम उसकी पुत्री घर के समीप खाली पड़े प्लाट में गोबर डालने के लिए जा रही थी। आरोप है कि तभी गांव के दो युवकों ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की हरकत करते हुए अश्लील टिप्पणी कर दी। जब उसकी पुत्री आनन–फनन में घर की ओर दौड़ने लगी तो दोनों आरोपियों ने पीड़ित की पुत्री के साथ गला दबाते हुए मारपीट की। जब पीड़ित के परिवार के लोगों ने विरोध किया तो आरोपी लाठी डंडों से लैस होकर पीड़ित के घर पहुंचे और घर में घुसकर मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपियों के द्वारा की गई दबंगई का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। पीड़ित व्यक्ति ने घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए पुलिस को वीडियो उपलब्ध कराकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# संघदीप बुद्ध विहार सुनेहरा पर हुआ बुद्ध पुर्णिमा का कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर :**संघदीप बुद्ध विहार ग्राम सुनहरा पर बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम का कार्यक्रम आयोजित हुआ तथागत बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख भिक्खू धम्मरत्न ने मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाई उसके बाद उपासको ने भिक्खू संघ को पुष्प भेट किये, कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार अशोक एडवोकेट ने किया और अध्यक्षता त्रिलोकराज ने की। कार्यक्रम मे भिक्खू प्रज्ञारश्मि महाथेरा ने धम्मदेशना देते हुये कहा कि सभी को आपसी देषभावना भूलकर प्रेमभावना से रहना चाहिए तभी हम बुद्ध के अनुयायी हो सकते है। उन्होने आगे कहा कि हमें बुद्ध के बताये रास्ते पर चलते हुये सभी मिलकर शिक्षा के क्षेत्र मे काम करे और सामाजिक संगठनो और राजनीति से दूर हटकर समाज को संगठित करके बाबासाहेब अम्बेडकर जी का मिशन पूरा करे और बुद्ध का मार्ग अपनाये। कार्यक्रम मे वक्ता पूर्व मंत्री धर्मवीर सिह अशोक ने कहा कि हमे अपना शरीर स्वस्थ रखना चाहिये और जातिविहीन समाज की स्थापना करनी चाहिए शादियो मे और पार्टियो मे जातिवादी गाने नही बजाने चाहिए और बुद्ध का धर्म ग्रहण करना चाहिए जहाँ पर एक ऐसे समाज की स्थापना होती है जिसमे जातिवाद नही हो। उसके बाद पूर्व विधायक मुशीलाल गौतम ने कहा कि समता और समानता का काम करते हुये बुद्ध का मार्ग अपनाये, बहुये अपनी सास का सम्मान करे और बेटियो को बेटो के बराबर सम्मान दे। तथागत बुद्ध ने राजपाट छोडकर कार्य किया ऐसे ही आपस मे मिलकर सभी समाज को मजबूत करने का काम करे।

# एक शाम शहीदों के नाम



**वेलकम इंडिया**

लखीमपुर खीरी, 12 मई, एक दीपक शहीदों के नाम प्रोग्राम के तहत, जिला कांग्रेस कमेटी लखीमपुर खीरी में भारत पाक युद्ध में शहीद हुए अपने वीर जवानों और जान गवाने वाले अपने निर्दोष नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर, पंडित राज नारायण मिश्र की प्रतिमा पर शाम 7 बजे सैकड़ो दीप डा०रईस अहमद उस्मानी डी.सी.सी.निवर्तमान उपाध्यक्ष जी की अगुवाई में काँग्रेस जनों के साथ, सैकड़ों दीप प्रज्वलित किये गये। दीप प्रज्वलित प्रोग्राम में हाजी डा०रईस अहमद उस्मानी, शिव सहाय सिंह, मोनिस नकवी, राम कुमार मिश्रा, रियाज अहमद खान ₹मोनू₹, संजय कुमार गोस्वामी, राम पाल शाक्य निवर्तमान महासचिव कार्यालय प्रभारी, राजेंद्र प्रसाद गुप्त, अब्दुल रहीम खान, अब्दुल कैयूम मंसूरी, जावेद अहमद खान एडवोकेट, चन्द्र प्रभा अवस्थी, अभिषेक, लतीफ आजम अंसारी, हरगोविंद वर्मा उजार गूम आदि कांग्रेस जन अन्त तक उपस्थित रहे।

# महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एमआईटी में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमआईटी वूमेन सेल और पिंकिशी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पिंकिशी फाउंडेशन की राजरानी शर्मा, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा मलिक, करुणा शर्मा, रितु कौशिक, एमआईटी वूमेन सेल की प्रमुख डॉ. हेमा नेगी तथा मेरठ उद्यमी फाउंडेशन की सीईओ डॉ. माधुरी गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला के दौरान डॉ. सीमा मलिक ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को रासायनिक साबुनों के प्रयोग से बचने और गुप्तांगों की सफाई के लिए केवल स्वच्छ पानी का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. मलिक ने बताया कि पानी पीएच स्तर को संतुलित बनाए रखता है, जिससे संक्रमण और सूखापन की आशंका कम होती है। राजरानी शर्मा ने पिंकिशी फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने आसपास की महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तथा निर्भीक होकर इन विषयों पर चर्चा करें। करुणा शर्मा ने छात्राओं को योग के माध्यम से मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द से राहत के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास जीवनशैली को स्वस्थ बनाने में सहायक होता है और महिलाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। एमआईटी वूमेन सेल की हेड डॉ. हेमा नेगी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और मासिक धर्म जैसे विषयों पर खुलकर संवाद की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में डॉ. माधुरी गुप्ता, डॉ. हेमा नेगी, सोनल अहलावत, रितिमा, रूपल चौधरी रही । मंच संचालन प्रिया चौधरी ने किया।

# सदर क्षेत्र में नाला सफाई व जलभराव की समस्याओं के समाधान हेतु कैंट बोर्ड सीईओ स्वयं टीम लेकर पहुंचे

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** सोमवार को कैंट बोर्ड सी ई ओ सदर क्षेत्र में नालियों की सफाई और जलभराव की समस्याओं के समाधान के लिए स्वयं ही टीम लेकर मौके पर पहुँचे। ज्ञात हो लंबे समय से सदर टंकी मोहल्ला में नालियों में पानी रुकने व भरने की लिए क्षेत्र वासी परेशान थे जिसमे संज्ञान लेकर सी ई ओ कैंट बोर्ड ने कई बार मौके पर निरीक्षण किया तथा व्यापारियों व क्षेत्रवासियों से वार्ता की और समाधान का आश्वासन दिया। उसमे व्यापारियों और अन्य क्षेत्र वासियों ने समाधान के लिए अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। उसके बाद शीघ्रता से समस्या से निपटने के लिए क्षेत्र की नलियों व नालों में रुकावटो के स्थान चिन्हित किया गए जिससे मानसून से पहले ही कार्यवाही कर जल निकासी सुनिश्चित की जा सके। आज सुबह से ही सी ई ओ जाकिर हुसैन, इंजीनियरिंग और सफाई विभाग की संयुक्त टीम के सहायक अभियंता पीयूष गौतम, सफाई निरीक्षक अभिषेक गंगवार, जे ई अवधेश यादव, सफाई सुपरवाइजर भारत सिंह आजाद, मेट सुनील आदि जे सी बी मशीनों को लेकर समाधान करने में लग गए। व्यपारी नेता विजय ओबराय क्षेत्रवासियों के साथ टीम के सहयोग के लिए उपस्थित रहे, और सालों से जाम पुलियों को चिंहित कर हटाने में सहयोग किया। *बालाजी मंदिर के महंत महेंद्र दास जी ने व्यापारियों के साथ सी ई ओ का आभार जताया और मौके पर उपस्थित रहकर पूर्ण सहयोग दिया। सभी का कहना है कि सी ई ओ के त्वरित प्रयास से बारिश में जल भराव से होने वाले नुकसान से बचाव व राहत मिल जाएगी*।

# कक्षा 10वीं व 12वीं में 70% अंको से उत्तीर्ण हुए बच्चों को डी आई पब्लिक स्कूल में किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**




हापुड़ जनपद के नगर में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर शिव नगर स्तिथ डी. आई.पब्लिक स्कूल मे यूपी बोर्ड की कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षा मे 70 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हुए बच्चों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रितेश कुमार व सिद्धार्थ गौतम फूल माला पहनकर स्वागत किया तथा मुख्य अतिथियो व प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह द्वारा लगभग 25 बच्चों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं मुख्य अतिथि रितेश कुमार ने बच्चों को आगे बढ़कर और मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि दिए गए प्रतीक चिन्ह अपने घरों में लगायें जिससे अन्य लोगों को उत्तीर्ण सर्टिफिकेट देखें आपके लिए गर्व महसूस हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा आपके जीवन की मंजिल नहीं हैं अपितु जीवन की नीव के समान हैं जिसपर अभी हमें और मेहनत करके विशाल ईमारत का निर्माण करना हैं ताकि हम जीवन मे अधिक से अधिक सफलता प्राप्त कर अपने समाज और देश का नाम रोशन कर सके। इस अवसर पर पिंकी कुमारी, काजल कुमारी, कु. ऐसा, कु. उमंग, सपना योगिता, आशी और शालू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# माई भारत युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए आमंत्रित करता है

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को सक्रिय रूप से संगठित कर रहा है ताकि वे ट ईं१३ नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन कर सकें।यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान।इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है।

# सामाजिक एकता और अखंडता के सूत्रधारों का सम्मान समारोह एटा में आयोजित

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** एटा के महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के प्रांगण में त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर एटा में बुद्ध जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं समाज में अपने कार्यों से सामाजिक एकता और अखण्डता स्थापित करने का संदेश वाले मनीषियों,लेखकों, साहित्यकारों, शिक्षकों, पत्रकारों, कला विशेष एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों का भीम मिलन समारोह द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्तागण बृजेश कुमार, (सामाजिक चिंतक) राजेश चौहान, (लेखक) सज्जन सिंह क्रांति (लेखक) स्वरूप दिनकर (लेखक) पुनेश समदर्शी (कवि), इं. जयंती प्रसाद सुमन ( समाज सेवी) आदि को सम्मानित किया गया।इसी क्रम में हापुड़ से मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित हुए असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कवि डॉ. जितेन्द्र कुमार 'जीत' को उनके सारगर्भित वक्तव्य एवं सामाजिक लेखन के लिए, पत्रकार चेतन कुमार को निष्पक्ष पत्रकारिता और शिक्षा- प्रसार एवं अभिषेक कुमार को सामाजिक कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन। इस अवसर पर माता सावित्रीबाई फुले महिला संगठन, माता रमाबाई अम्बेडकर प्रबुद्ध महिला जागृति संघ, परम पूज्य बाबा साहेब अंबेडकर जन्मोत्सव समिति, भारतीय बौद्ध महासभा, उत्तर प्रदेश आदि संगठनों से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की आयोजन समिति में प्रधानाचार्य राजू राम रतन, समाज सेवी दीपक राज अंबेडकर एवं अशोक वाल्मीकि आदि का विशेष योगदान रहा।



# भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ /भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र शेखर आजाद सांसद नगीना लोकसभा का हापुड़ पहुंचने पर कार्यकताओं ने फूल मालाएं पहनाकर किया जोरदार स्वागत ।बता दें कि भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्फ रावण ने हापुड़ पहुंचकर दिल्ली रोड पर स्थित मनोहर रेजेंसी में प्रबुद्ध एवं भाईचारा सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी कार्यकताओं से एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सीरीष माननीय प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ की राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एम एल तोमर जी प्रदेश महासचिव निजाम चौधरी प्रदेश सचिव कपिल आजाद जी एड. सुशील कुमार प्रदेश सचिव मेरठ मंडल प्रभारी तालिब चौधरी जिला अध्यक्ष सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिन्दगी की पहली टीचर होती है माँ !रुचि बरतरिया

**वेलकम इंडिया**




**खीरी टाउन खीरी:**कस्बा खीरी स्थित एकमात्र इंग्लिश मीडिम स्कूल सैक्रोसेन्ट पब्लिक स्कूल में रविवार को मदर डे के मौके पर कार्यक्रमो का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में स्कूल एमडीएम श्रीमती रुचि बरतरिया ने महिला अभिवाको के साथ मिलकर केक काटा और मदर्स डे मनाया।स्कूल एमडी श्रीमती रुचि बरतरिया ने बताया कि जीवन बच्चो के लिए माँ का क्या महत्त्व होता है।रुचि बरतरिया ने कहा कि बच्चो की पहली टीचर उनकी माँ होती है माँ की गोद से बच्चे को जो शिक्षा मिलती है वो दुनिया का कोई स्कूल कोई यूनिवर्सिटी नही दे सकती। आयी हुई माताओं का स्कूल एमडी ने धन्यवाद व्यक्त किया।बताते चले कि माँ शब्द सिर्फ ये एक शब्द नही बल्कि एक अहसास है ये दिन पूरी दुनिया मे धूम से मनाया जाता है ये दिन पूरी दुनिया मे माताओं के नाम कर दिया जाता है।इस दिन बच्चे अपनी माँ के लिए प्यार, आभार,और सम्मान व्यक्ति करते है।

# दिल्ली से गंगा स्नान करने आए 32 वर्षीय युवक के गंगा में डूबने पर श्रद्धालुओं में मचा हड़कंप



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में स्नान करने को लेकर श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब। आपको बता दें कि तीर्थ नगरी ब्रजघाट में बुद्ध पूर्णिमा को लेकर दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में दिल्ली से अपने परिवार के साथ गंगा स्नान करने के लिए आया। 32 वर्षीय अंकित गंगा स्नान करते समय गहरे जल में पहुंचने पर गंगा में डूब गया।

# देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों एवं माताओ को दिया विशेष सम्मान

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**

हापुड़/जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित कर देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों और उनके बलिदान के साथ माताओ को विशेष सम्मान दिया गया।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान का इजहार किया। वही विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. निधि मलिक ने सभी के जीवन में माताओं के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके त्याग और समर्पण की सराहना की। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रममें बच्चों ने अपनी माताओं के लिए नृत्य प्रस्तुत किए और माताओं ने भी नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।इसके अलावा, माताओं और बच्चों ने साथ में रैंप वॉक भी किया। सभी ने भारतीय परिधानों में अपनी अदाओं का जलवा बिखेरा। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय निदेशक डॉ. आयुष सिंघल ने सभी माताओं से अपने बच्चों को बहादुर और देशभक्त बनाने का आह्वान किया।उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की सेवा करना हम सभी का परम धर्म कर्तव्य है। इस आयोजन में माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका प्रस्तुत किया।




# गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर खुला को-वर्किंग स्पेस

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



एनसीआरटीसी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जीवन को और सहज बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर एक अत्याधुनिक को-वर्किंग स्पेस की शुरूआत की है, जो पेशेवरों और उद्यमियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।

स्टेशन के कॉन्कोर्स लेवल पर स्थित यह स्मार्ट को-वर्कस्पेस आरामदायक और भविष्य-उन्मुख कार्य वातावरण की सुविधा देता है। यहां 42 ओपन वर्कस्टेशंस, 11 प्राइवेट केबिन और 2 पूर्ण रूप से सुसज्जित मीटिंग रूम उपलब्ध हैं, जो एकल कार्य, टीम सहयोग या क्लाइंट मीटिंग जैसी विभिन्न कार्यशैलियों की जरूरतें पूरी करते हैं। गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन, मेरठ तिराहा मोड़ पर स्थित है, जहां से नया बस अड्डा शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन भी कुछ दूरी पर है। इसी वजह से यहां रोजाना भारी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। स्टेशन परिसर में ऐसा वर्कस्पेस उपलब्ध होना खासकर उन पेशेवरों के लिए उपयोगी होगा जो रिमोट सिस्टम के तहत काम करते हैं या जिनका कोई निश्चित ऑफिस नहीं है। यह को-वर्किंग स्पेस पारंपरिक दफ्तरों की तुलना में किफायती और स्मार्ट विकल्प प्रदान करता है। हाई-स्पीड इंटरनेट, प्लग-एंड-प्ले डेस्क, और 24७7 एक्सेस इसे आज के मोबाइल वर्कफोर्स के लिए आदर्श बनाते हैं। स्टार्टअप्स, फ्रीलांसरों और दूरस्थ पेशेवरों के लिए वर्ल्ड-क्लास और आरामदायक समाधान है। स्मार्ट तकनीकों से सुसज्जित इस को-वर्किंग स्पेस में बायोमेट्रिक और की-कार्ड एक्सेस, कङ्गळ आधारित लाइटिंग और क्लाइमेट कंट्रोल, तथा ऑटोमेटेड मीटिंग रूम बुकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल्स, वायरलेस स्क्रीन शेयरिंग और डिजिटल ब्रेनस्टॉर्मिंग जोन जैसी तकनीकें कार्य क्षमता और कार्य गुणवत्ता बढ़ाती हैं। इसके साथ ही यहां क्यूआर आधारित कैशलेस सेवाएं जैसे हॉट डेस्क बुकिंग व वेंडिंग मशीन उपयोग की सेवाएँ भी मिलेंगी। एनसीआरटीसी द्वारा स्टेशन को केवल ट्रांज़िट प्वाइंट ही नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल और कम्युनिटी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और पहल करते हुए गाजियाबाद स्टेशन के प्रीमियम लाउंज में कोका-कोला रिफ्रेशमेंट जोन शुरू किया गया है। इस लाउंज में यात्रियों के लिए आरामदायक कुशन वाली सीटों के साथ ही तरोताजा होने के लिए विभिन्न प्रकार की कोल्ड ड्रिंक्स उपलब्ध होंगी। यहां लगी वेंडिंग मशीन से यात्री आसानी से पीने का पानी और अन्य पेय पदार्थ खरीद सकते हैं। यह साझेदारी एनसीआरटीसी की उस व्यापक दृष्टि को साकार करती है, जिसमें नमो भारत स्टेशनों को सामाजिक और जीवंत सार्वजनिक स्थलों में बदलने का उद्देश्य है।

# रात में घर के बाहर वाहन खड़े करने पर विवाद को देख नगर निगम बनाएगा रात्रिकालीन पार्किंग, एक घण्टे से लेकर मासिक पास के रेट भी हुए जारी

**वेलकम इंडिया**



आगरा प्रदेश के सभी नगर निगम और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए नगर विकास विभाग ने घरों के बाहर वाहनों को खड़े करने में आ रही समस्या को देखते हुए रात्रिकालीन पार्किंग बनाने के निर्देश दिए हैं। ये पार्किंग नगर निगम की जमीन, खाली जमीन के साथ ही जरूरत पड़ने पर 12 मीटर से चौड़े रोड पर बनाई जा सकेगी। इसके साथ ही पहले से जो भी पार्किंग हैं उनकी भी क्षमता बढ़ाई जाएगी। फ्लाईओवर के नीचे भी पार्किंग आगरा में फ्लाईओवर के नीचे खाली जगह पड़ी हुई है, इसमें भी पार्किंग बनाई जाएगी। पार्किंग संचालित करने के लिए नगर निगम में पंजीकरण कराना होगा। वहीं, जिन पार्किंगों को नगर निगम संचालित करेगा उसके ठेके उठाए जाएंगे। पार्किंग में सीसीटीवी के साथ ही सुरक्षा के इंतजाम भी किए जाएंगे। अपर नगर आयुक्त, आगरा सुरेंद्र यादव का कहना है कि 12 सदस्यीय कमेटी बनाई जा रही है यह कमेटी पार्किंग के लिए जमीन चिन्हित करेगी। पार्किंग के रेट एक घंटे के लिए, कार 15 रुपये, स्कूटी बाइक, 7 रुपये 2 घंटे के लिए, कार 30 रुपये, स्कूटी बाइक, 15 रुपये 24 घण्टे के लिए, कार 120 रुपये, स्कूटी बाइक, 57 रुपये मासिक पास, कार 1800 रुपये, स्कूटी बाइक हाथरस में विशाल क्लब कबड्डी टूनार्मेंट नगला भोपाल में आयोजित हुआ हाथरस नगला भोपाल विशाल कबड्डी टूनार्मेंट आयोजित किया गया जिसमें से खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया विशाल क्लब कबड्डी टूनार्मेंट में खिलाड़ियों के लिए खाने-पीने व रहने की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई खिलाड़ियों को गांव के संबंध व्यक्तियों द्वारा उत्साह बढ़ाया गया जिसमें विजेताओं को सील्ड व श्री राम जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया गांव टुकसान से संध्या सोलंकी ने अपने गांव का नाम रोशन किया तो वह बचपन से ही कबड्डी खेलने का शौक था पूर्व में भी संध्या चौधरी ने कई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उनको कई प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया है

# त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मैत्रय बुद्ध बिहार भुपेंद्रपुरी मे त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले तथागत भगवान बुद्ध को पंचांग नमन किया। बुद्ध वंदना, पंचशील, सकारात्मकता पंचशील, बुद्ध पूजा, धम्म पूजा, संघ पूजा का सामूहिक पठन किया गया। पूजा का नेतृत्व धम्मचरिणी मदुर्कीर्ति, धम्ममित्र शशि गौतम, धम्ममित्र राखी, ने किया। धम्मचारिणी मुख्य अतिथि व प्रमुख प्रवचनकार धम्मचारिणी श्रद्धावजरी का परिचय धम्मचारिणी रत्नवजरी ने दिया। और कार्यक्रम का संचालन किया। प्रवचनकार धम्मचारिणी श्रद्धावजरी ने तथागत के जन्म से लेकर महापरिनिर्वाण तक बुद्ध के 45 वर्षों के कार्य को बताते हुए बुद्ध के मैत्री व मानवता के लिए कार्य की व्याख्या की। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति व्यक्त करते हुए बताया कि आज हम बुद्ध के मार्ग पर चलने के लिए बाबा साहब ने रास्ता बताया। कार्यक्रम में गीतों को विनोद गौतम ने बुद्ध की चरणों में आना पड़ेगा ने शमा बांध दिया। धम्मचारी विमलशील की यादों को जीवित कर दिया। दयावती व ओमबीरी ने भी शानदार गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में सभी धम्म भाइयों बहनों बच्चों व जिस भी ने अपना सहयोग जिस रूप में किया उनके प्रति आभार धम्ममित्र सीमा गौतम ने किया। उसके बाद देश दुनियां के प्राणियों के प्रति सुखी की मंगलकामनायें अर्थात सब्बे सत्ता सुखी होन्तु का चैंटिंग मंत्र सभी ने मिलकर उच्चारण करते हुए पूजा स्थान को पुष्प अर्पित किए। अंत मे धम्म पालन गाथा का पठन किया। और पूजा स्थल को नमन किया। अंत मे आये हुए धम्म प्रेमियों को खीर वितरण किया। खीर का प्रबंध विनोद गौतम पूर्व सभासद, मास्टर सुभाष जी, ओर मास्टर हरभजन सिंह ने किया। कार्यक्रम में सैंकड़ो लोगो ने भाग लिया। महिलाओं की संख्या भी परुषों के बराबर रही।

# विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। विधायक निधि से कराए गए इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा जीवन स्तर में सुधार होगा। राजबाला एनक्लेव में मेन गेट से अमन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। जिसकी लागत 9.61 लाख रही। इस कार्य से विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। ग्राम मछरी में शमशान के मैन रास्ते से अंत्येष्टि स्थल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया, जिसकी कुल लागत 3.41 लाख रुपये है। यह कार्य सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्राम भदोला में तीन मार्गों पर इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक द्वारा किया गया। बुद्ध प्रकाश के मकान से मनीराम के मकान तक। जगदीश के मकान से विनोद प्रजापति के मकान तक। इंद्रपाल के मकान से प्रशांत की दुकान तक। इन सभी कार्यों की कुल लागत 4.40 लाख रुपये है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी की समस्या दूर होगी और सड़क सुविधा में सुधार होगा। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने इन सभी कार्यों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर जुल्फीकार प्रधान, अनुराग प्रधान, लीलू प्रधान फफराना, सुकरम, इंदरपाल सिंह, राजवीर सैनी, कारणवीर सिंह (विधायक प्रतिनिधि), संजय भदौला आदि उपस्थित रहे।

# मॉडल यूनाइटेड नेशन की पृष्ठभूमि पर बेस्ट स्कूल डेलिगेशन की ट्रॉफी का विजेता बना सुरेविन इंटरनेशनल



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में दो दिवसीय (एम यू एन) मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्र व छात्राओं में ,अपेक्षा, दिशा , अन्नया यादव, अन्नया त्यागी, अवनी, दिव्यांशी, श्रीयांशी, मिशवा, नंदिनी शर्मा, शुभी, अवनी, अनुष्का, लक्ष्य, तनन्या, पीयूष, आध्या, नव्या त्यागी, यशस्वी व शुभ ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न देशों व भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि के रूप में वाद विवाद किया। इस प्रतियोगिता का नेतृत्व सुरेविन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर जया कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुरेविन प्रबंधक तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी,व स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने सभी छात्र-छात्राओं व मेंटर जया कौशिक को बहुत शुभकामनाएं दी।

# अवैध निर्माण पर बोले जीडीए वीसी अतुल वत्स , नहीं माने तो होगा एफआईआर और दोबारा ध्वतीकरण

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मोदीनगर क्षेत्र में लगभग 50 बीघा भूमि पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को यह कार्रवाई जीडीए वीसी अतुल वत्स के निर्देश पर की गई। जीडीए के अपर सचिव, प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत, जीडीए के प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने ग्राम डिडौली, परगना जलालाबाद, गंग नहर रोड स्थित खसरा संख्या 839 और 840 में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम डिडौली, परगना जलालाबाद, गंग नहर रोड, मोदीनगर, गाजियाबाद के खसरा संख्याः 839, 840 के क्षेत्रफल करीब 50 बीघा में सड़कें, बाउंड्री वॉल, प्लॉटिंग आदि ध्वस्त की गई है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान, स्थानीय विकासकर्ता संदीप चौधरी द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण का विरोध भी किया गया। हालांकि, जीडीए की टीम और पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित कर विरोध कताओं को पीछे खदेड़ दिया और कार्रवाई जारी रखी। जीडीए वीसी अतुल वत्स ने प्रवर्तन जोन-2 को निर्देशित किया है कि वे अवैध निमार्णों पर सतत निगरानी रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पुनः कोई अवैध निर्माण पाया जाता है, तो तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी और संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की जाएगी। जीडीए ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत और मास्टर प्लान के अनुसार विकसित कॉलोनियों में ही संपत्ति खरीदें। साथ ही, प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और तेज करने का निर्णय लिया है, ताकि शहर में सुनियोजित और सुरक्षित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण कतई बर्दाश्त नहीं होगा।





# गाजियाबाद यातायात पुलिस के जागरूकता अभियान से 36 दोपहिया चालक हेलमेट से हुए लाभान्वित



**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**

गाजियाबाद पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अनूठी पहल की। पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे 36 लोगों को मुफ्त में हेलमेट वितरित किए। एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। मोहन नगर चौराहे पर यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता और इसके महत्व के बारे में समझाया। यातायात पुलिस ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जो चालक बिना हेलमेट के मिले, उन्हें अच्छी गुणवत्ता के हेलमेट निःशुल्क दिए गए। हेलमेट पाने वाले नकुल और आमिर ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे अब हमेशा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करेंगे।

# बीआईएस का मुख्य कार्य भारतीय मानकों का विकास,प्रचार,और उन्हें लागू करना है-डॉ एस सी अग्रवाल

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद के छात्रों ने कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल, रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन आर बी श्रीवास्तव के निर्देशन में भारतीय मानक की प्रथम गतिविधि स्टैंडर्ड राइटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 80 छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन आर बी श्रीवास्तव ने छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा बनाए गए कुकर ,पेन, हेलमेट स्कूल चौक, स्कूल चेयर स्टैंडर्ड के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया और छात्रों को स्कूल चौक का स्टैंडर्ड बनाने के लिए 2 छात्रों के 40 ग्रुप में प्रतियोगिता कराई। जिसमें दसवीं के छात्र देव शर्मा व अर्जुन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1000 रुपए की धनराशि सम्मान में प्राप्त की द्वितीय स्थान पर अक्षय वर्मा ,कृष्ण वर्मा ने 750 रुपए की धनराशि और तृतीय स्थान पर भाविक व अंकुर ने 500 रुपए की धनराशि सम्मान में प्राप्त की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा बनाए गए स्टैंडर्ड के बारे में उन्होंने छात्रों को विस्तार से बताया और आईएसआई मार्कमें सीएमएल नंबर को चेक करके उत्पाद को खरीदें उन्होंने कहा कि उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाले होते हैं और सुरक्षित होते हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल ने रिसोर्स पर्सन आर बी श्रीवास्तव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बीआई एस द्वारा भी कॉलेज के प्रधानाचार्य व मैटर राजीव वर्मा को मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि बीआई एस हर साल चार गतिविधियां के द्वारा छात्रों में जागरूकता उत्पन्न की जाती है।




# राजकीय इंटर कॉलेज, दादरी का लोकार्पण ?418.11 लाख की लागत से सम्पन्न



**इंद्रेश शर्मा, गौतम बुद्ध नगर**

**दादरी (गौतमबुद्धनगर):** प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत ?418.11 लाख की लागत से निर्मित राजकीय इंटर कॉलेज, दादरी का लोकार्पण आज दिनांक 12 मई 2025 को एक गरिमामयी समारोह में सम्पन्न हुआ। इस अवसर के मुख्य अतिथि दादरी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री तेजपाल सिंह नागर जी रहे, जिन्होंने विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर विधिवत रूप से कॉलेज का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में श्री तेजपाल सिंह नागर जी ने कहा कि यह राजकीय इंटर कॉलेज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता की शिक्षा सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार हर वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के अनेक कार्यकताओं ने भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# जिला अस्पताल में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस,नर्स स्वास्थ्य विभाग के रीढ़ की हड्डी/सीएमएस डा हेमलता



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/हापुड़ के मोदीनगर दस्तोई रोड पर स्थित जिला अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दो हेमलता ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है मरीजों की देखभाल कर उन्हें जल्द स्वस्थ करने में नर्सिंग स्टाफ का योगदान अविस्मरणीय है। नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य विभाग के रीढ की हड्डी होती है। उनकी मेहनत के बगैर स्वास्थ्य सेवाएं अधूरी है। वही डॉक्टर हेमलता ने नर्सो से अपनी मांगों को संगठित रूप से प्रस्तुत करने और बेहतर कार्य करने में सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉक्टर शिशुपाल, डॉक्टर गुरदीप सिंह चीफ फार्मासिस्ट, नीरज कुमार ,डीपी पालीवाल, ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों का महत्वपूर्ण योगदान बताया है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शारदा गौतम, आराधना, सुनीता, नीतू,मीनाक्षी, वंदना, रजनी, रेशमा,आकांक्षा अनामिका, अर्चना, मोनिका, प्रियंका, आरती, मंजू सहित अन्य नर्स स्टाफ उपस्थित रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई बुध पूर्णिमा जयंती

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**माल।** बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र पर्व बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा उमंग,उत्साह और शांतिपूर्ण तरीके से सोमवार को प्रदेश भर में भगवान बुद्ध की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जगह-जगह धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आपको बता दें। कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकास खंड माल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के जगदीशपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार गौतम जो की गवर्नमेंट सर्वेंट है (सचिवालय) में जॉब करते हैं। वो एक सामाजिक, मिशनरी और तेज तर्रार काफी ज्ञानी,प्रवक्ता है। उन्होंने भगवान बुद्ध पर दीपक जलाकर और चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और भगवान बुद्ध का आशीर्वाद प्राप्त किया। कृष्ण कुमार ने संबोधित करते हुए बताया कि भगवान गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में हुआ था। उनका असली नाम सिद्धार्थ गौतम था वह शाक्य कुल के राजकुमार थे। हालांकि,बाद में उन्होंने संसार के दुखों को देखकर राजपाठ छोड़ दिया और सत्य की खोज में निकल पड़े। वहीं,कई वर्षों की तपस्या और ध्यान के बाद उन्हें बिहार के बोधगया में एक पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे बुद्ध कहलाए। बौद्ध धर्म की स्थापना पर उन्होंने शांति और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने अपने अनुयायियों को चार आर्य शक्तियों को अष्टांग मार्ग को बताया। मानव कल्याण के लिए सभी को अहिंसा,सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने की जरूरत है। भगवान बुद्ध की इस विचारधारा से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उनके आदर्श को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। भगवान बुद्ध के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। इस मौके पर पत्रकार अखिलेश सिंह,कृष्ण कुमार,उर्मिला देवी,अभिषेक,रोजी चौधरी,अपूर्वा राज आदि लोग मौजूद रहें। बुद्ध उपदेशो से बौद्ध धर्म का उदय हुआ और भगवन बुद्ध के उपदेशों पर ही आधारित जीवन जीने वाले बौद्ध कहलाये। इसके साथ ही पूर्वी और पश्चिमी एशिया में इसका प्रसार हुआ। चीन, वियतनाम, कंबोडिया, म्यांमार,और थाईलैंड, जापान जैसे देशो में बौद्ध को पूजा जाता है। बुद्ध पूर्णिमा को बुद्धा जयंती,पीपल पूर्णिमा और वैशाख पूर्णिमा से नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बौद्ध मंदिरो में विशेष पूजन का भी आयोजन किया जाता है इस दिन ध्यान, उपदेश और दान पुण्य का भी कार्य किया जाता है साथ ही इस दिन अलग अलग जगहों पर धार्मिक कार्य भी किये जाते हैं।



### अंतर्राज्यीय लग्जरी कार चोर गिरोह का पर्दाफाश

# चोरी की पांच कार समेत तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

■ वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच और थाना वेव सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक संगठित और खतरनाक कार चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में लग्जरी गाडि ?ों की चोरी की वारदातों में शामिल था। एडीसीपी क्राइम ब्रांच पीयूष सिंह ने बताया सोमवार को क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी की टीम ने वेव सिटी क्षेत्र से अनिल, जितेंद्र उर्फ कन्हैया और यामीन उर्फ भोलू उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की चार गाडि ?ां, एक फर्जी नंबर प्लेट वाली गाड़ी और अन्य फर्जी प्लेटें बरामद की गई हैं। ये गाडि ?ां दिल्ली के उत्तम नगर, पीतमपुरा, नरेला और राजौरी गार्डन जैसे क्षेत्रों से चुराई गई थीं।

पूछताछ में अभियुक्तों ने गिरोह की पूरी कार्यप्रणाली का खुलासा किया है, जिससे पुलिस भी चौंक गई। गैरेज संचालक जाहिद गिरोह को लग्जरी गाडि ?ों की मांग देता था। इसके बाद गिरोह के सदस्य चिन्हित इलाकों में रेकी करते और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की मदद से नकली चाबी तैयार कर कार को चुरा लेते थे। चोरी के तुरंत बाद गाड़ी की नंबर प्लेट बदल दी जाती थी और उसमें से जीपीएस यंत्र निकालकर फेंक दिया जाता था। गाडि ?ां छिपाने के लिए गुप्त ठिकानों का इस्तेमाल किया जाता था, जहां से उन्हें मांग करने वाले तक पहुंचा दिया जाता। आरोपी अनिल ने बताया कि वह आठवीं तक पढ़ा है और पहले सब्जी और फल बेचता था। वर्ष 2015 में एक बाइक मैकेनिक के संपर्क में आकर उसने दोपहिया वाहन चुराने शुरू किए।

फिर जेल में उसकी मुलाकात अन्य अपराधियों से हुई, जिनके संपर्क में आकर उसने कार चोरी का धंधा शुरू किया। जितेंद्र उर्फ कन्हैया सातवीं फेल है और पहले ट्रक व कार चालक का काम करता था, लेकिन वेतन समय पर न मिलने के कारण वह भी इस गिरोह में शामिल हो गया। यामीन उर्फ भोलू ने पांचवीं तक पढ़ाई की है और पहले लोहे के गेट बनाता था। वह भी दो बार पहले चोरी के मामले में जेल जा चुका है। जेल में ही उसने अन्य चोरों के संपर्क से इस गिरोह में कदम रखा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की धरती पर अब अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और शहर को अपराध मुक्त बनाने के लिए हर स्तर पर कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अपनी टीम की जमकर सराहना की, विशेषकर अपराध शाखा प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी की, जिनकी रणनीति और जमीनी पकड़ के चलते यह ऑपरेशन सफल हो सका। क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी अगुवाई में अपराधियों के लिए गाजियाबाद में कोई पनाह नहीं है। सटीक सूचनाओं, मजबूत नेटवर्क और तेज कार्रवाई के बल पर उन्होंने पूरी टीम को इस गिरोह तक पहुंचाया और बिना कोई मौका दिए अपराधियों को गिरफ्त में लिया। इस कार्रवाई के बाद गाजियाबाद पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि चाहे अपराध कितना भी संगठित और चालाक क्यों न हो, पुलिस तंत्र उससे कहीं अधिक सतर्क, तेज और मजबूत है। यह गिरोह वर्षों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था, लेकिन अब इन पर विराम लग चुका है। शहर की जनता को राहत मिली है और अपराधियों को साफ संदेश गाजियाबाद में अब अपराध नहीं, सिर्फ कानून चलेगा।

## गेट पर कार निकालने को लेकर बवाल, युवती से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप

■ वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। ट्रांस हिंडन क्षेत्र की पॉश कौशांबी सोसायटी में रविवार रात कार निकालने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते गंभीर घटना में तब्दील हो गया। युवती ने डॉक्टर पिता-पुत्र पर मारपीट, अभद्रता और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। आरोप है कि गेट पर रास्ता रोकने के बाद आरोपियों ने पीड़िता और उसके परिवार से जमकर बदसलूकी की, यहां तक कि युवती के कपड़े तक फाड़ दिए गए। कौशांबी थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता अपने माता-पिता और बहन-भाई के साथ रविवार रात अपने पिता के दोस्त के घर रात्रिभोज पर जा रही थी। रात करीब आठ बजे जब परिवार कार से सोसायटी के गेट पर पहुंचा तो गेट के सामने अचानक एक दूसरी कार आकर खड़ी हो गई, जिसमें डॉक्टर अरविंद कुमार गंगवार और उनका बेटा डॉक्टर रजत कुमार गंगवार सवार थे। पीड़िता के परिजनों ने उनसे कार पीछे करने को कहा लेकिन वह नहीं माने, उल्टा हंगामा करने लगे। विवाद बढ़ा तो आरोप है कि डॉक्टर रजत ने युवती के साथ मारपीट की, उसकी कनपटी पर थप्पड़ मारा, छेड़छाड़ की और कपड़े तक फाड़ दिए। इसी दौरान पीड़िता की बाली और चश्मा भी गिर गया। पीड़िता ने बताया कि डॉक्टर की पत्नी ने भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और जातिसूचक टिप्पणी की। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, लेकिन तब तक आरोपी खुद को ऊंची पहुंच वाला बताकर मौके से फरार हो गए। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपों की जांच की जा रही है, आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। यह घटना सोसायटी में रहने वाले अन्य लोगों के लिए भी चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि विवाद एक सामान्य बात से शुरू होकर गंभीर अपराध में तब्दील हो गया।

## चोरों का आतंक 7 मर्चेंट नेवी अफसर के घर समेत दो मकानों से लाखों की चोरी

■ वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शहर के सुरक्षित माने जाने वाले वसुंधरा सेक्टर-1 की संस्कृति विहार सोसायटी और लोनी क्षेत्र में दो अलग-अलग चोरी की बड़ी घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर मर्चेंट नेवी अधिकारी हर्षित मल्होत्रा के बंद मकान का ताला तोड़कर नाबालिग चोरों ने लाखों के गहने चोरी कर लिए, वहीं लोनी के राम पार्क एंक्लेव कॉलोनी में भी चोरों ने शादी में गए परिवार के घर से नकदी और गहने समेट लिए। वसुंधरा की संस्कृति विहार सोसायटी निवासी हर्षित मल्होत्रा शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में द्वितीय इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। माता-पिता का देहांत पहले ही हो चुका है और बहन बेंगलुरु में पढ़ाई कर रही है। हर्षित खुद नौकरी की वजह से अक्सर बाहर रहते हैं। पांच मई को वह छुट्टी में दोस्तों संग हिमाचल घूमने गए थे, जबकि उनका एक दोस्त अस्थायी रूप से घर पर रह रहा था। नौ मई की सुबह वह दोस्त ड्यूटी पर निकल गया, जिसके बाद दोपहर करीब 1: 37 बजे तीन नाबालिग चुपचाप घर में घुसे। पहले उन्होंने सीसीटीवी कैमरा तोड़ा और फिर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में दाखिल हो गए। अंदर दाखिल होते ही चोरों ने अलमारी से करीब 2.25 लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए। गनीमत रही कि हर्षित मल्होत्रा ने अपने मोबाइल पर लाइव सीसीटीवी फुटेज देख ली और तुरंत ही पड़ोसी व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष प्रो. श्योराज सिंह बेचैन को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को सूचना देने के बाद जब हर्षित 11 मई को लौटे तो उन्होंने थाना इंदिरापुरम में लिखित शिकायत दी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि चोर नाबालिग हैं और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं लोनी के बंथला राम पार्क एंक्लेव कॉलोनी में भी चोरों ने एक और बड़ी वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक हरिओम अपनी मां के साथ एक शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने घर का मुख्य गेट तोड़कर भीतर घुसने के बाद अलमारी में रखे 1.70 लाख रुपये की नकदी, दो गैस सिलिंडर, दो इन्वर्टर, बैटरी और दो अंगूठियां चोरी कर लीं। जब परिवार वापस लौटा तो उन्हें चोरी का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### फ्लैट और भूखंड कब्जाने की साजिश, महिला ने भाई पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद में प्रॉपर्टी विवादों के दो अलग-अलग मामलों ने एक बार फिर रिश्तों में भरोसे की नींव को हिला कर रख दिया है। सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसायटी में एक महिला ने अपने ही सगे भाई पर फ्लैट कब्जाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। दिल्ली के तिलक नगर निवासी कविता गैरा ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने भाई रोहित गैरा के साथ मिलकर प्रतीक ग्रैंड सिटी के कार्नेसिया टावर में फ्लैट खरीदा था, जिसकी पूरी रकम, ट्रांसफर चार्ज और रजिस्ट्री शुल्क उन्होंने खुद अदा किए थे। कविता के अनुसार, सभी कानूनी दस्तावेज, भुगतान रसीदें और ईमेल संवाद उनके पास मौजूद हैं। इसके बावजूद, उनके भाई ने कथित रूप से प्रतीक ग्रुप के कुछ कर्मचारियों से साठगांठ कर दस्तावेजों में हेराफेरी की और फ्लैट की रजिस्ट्री केवल अपने नाम पर करवा ली। पीड़िता की शिकायत पर विजयनगर थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## सेवा, समर्पण और मानवता का उत्सव, फ्लोरेंस अस्पताल में नर्सिंग डे धूमधाम से मनाया गया

■ वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। प्रताप विहार स्थित फ्लोरेंस अस्पताल में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा और प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पूर्व पार्षद संतराम यादव ने भी कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान बीके शर्मा हनुमान ने नर्सों के ऐतिहासिक योगदान की चर्चा करते हुए बताया कि सबसे पहले अमेरिका के स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण विभाग की अधिकारी डोरोथी सुदरलैंड ने 1953 में नर्स दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसे तत्कालीन राष्ट्रपति ड्वाइट डी आइजनहावर ने स्वीकृति दी। 1965 में पहली बार इसे मनाया गया और 1974 से हर वर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जो आधुनिक नर्सिंग की जननी मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन है।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्स परिषद हर वर्ष इस अवसर पर एक विशेष 'नर्सिंग किटइ तैयार करती है, जिसके माध्यम से नर्सों की शिक्षा, सेवाभाव और सामाजिक योगदान को वैश्विक स्तर पर रेखांकित किया जाता है। नर्सिंग पेशा आज दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा और सबसे समर्पित अंग बन चुका है। नर्सें केवल चिकित्सकीय नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी मरीजों का संबल बनती हैं। यही कारण है कि समाज में उन्हें एक सम्मानजनक और प्रेरणादायक भूमिका के रूप में देखा जाता है। फ्लोरेंस अस्पताल के सभी स्टाफ ने इस मौके पर पूरी गर्मजोशी के साथ हिस्सा लिया। नर्सिंग दिवस को यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सभी ने उत्साह से भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। फ्लोरेंस अस्पताल के मैनेजमेंट की ओर से चेयरमैन डॉ. जी.के. गुप्ता, डॉयरेक्टर डॉ. एम.के. सिंह और डॉ. गौरव गुप्ता ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नर्सों के बिना चिकित्सा सेवा अधूरी है और आज का दिन उनके समर्पण को सलाम करने का है। इस आयोजन ने न केवल अस्पताल परिवार को एकजुट किया बल्कि यह संदेश भी दिया कि सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना से ओतप्रोत नर्सें ही स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। गाजियाबाद के इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि नर्सिंग सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि यह एक तपस्या है, और नर्स इस युग की सच्ची कर्मयोगिनी हैं।

# ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी से की मारपीट, वर्दी फाड़ी

■ वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। थाना साहिबाबाद क्षेत्र अंतर्गत अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार देर शाम शराब के नशे में धुत एक वाहन चालक ने कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए बीच सड़क पर अपनी कार खड़ी कर दी और ट्रैफिक नियंत्रण में जुटे पुलिसकर्मी के साथ न केवल अभद्रता की, बल्कि खुलेआम मारपीट कर उसकी वर्दी तक फाड़ डाली। इस दुस्साहसिक घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और रोड पर लंबा जाम लग गया। थाना साहिबाबाद में दी गई तहरीर के अनुसार, कांस्टेबल विनय कुमार, जो उस समय चीता मोबाइल 03 पर तैनात थे, अपने साथी कांस्टेबल विशाल भारद्वाज के साथ गश्त पर थे। दोनों पुलिसकर्मी अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास ट्रैफिक व्यवस्थित कर रहे थे और नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटवा रहे थे। इसी दौरान यूपी13सीके6080 नंबर की गाड़ी के चालक अरविंद कुमार राजौरा को बीच सड़क से वाहन हटाने के लिए कहा गया। बताया गया कि चालक नशे की हालत में था और पुलिसकर्मी के अनुरोध पर भड़क गया। उसने अपने वाहन से उतरकर कांस्टेबल विनय कुमार से गाली-गलौज शुरू कर दी और बदतमीजी करते हुए उन्हें धमकाने लगा। आरोपी ने विनय कुमार से कहा कि तू मेरी गाड़ी में बैठ, तुझे अभी दिखाता हूं, और उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश करने लगा। जब विनय ने इसका विरोध किया, तो वह थोड़ी दूर ले जाकर मारपीट पर उतर आया और ड्यूटी के दौरान उनकी वर्दी फाड़ दी। इस हमले में कांस्टेबल को दाहिने कंधे और गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी के उत्पात के चलते मौके पर सड़क पर भारी जाम लग गया और आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। शराब के अत्यधिक नशे में होने के कारण आरोपी अपने मोबाइल फोन भी संभाल नहीं पाया, जिन्हें बाद में पुलिसकर्मी ने सुरक्षित रख लिया। हमले के दौरान चीता मोबाइल का हैंडसेट भी गिर गया। सूचना पाकर हिण्डन पुल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जय कुमार राठी, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, जीशान और पीसी मोहननगर की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाई। दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी अरविंद कुमार राजौरा के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, पुलिसकर्मी से मारपीट, धमकी देने और सार्वजनिक शांति भंग करने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि नशे की हालत में वाहन चलाने वाले और कानून की खुलेआम अवहेलना करने वालों पर और अधिक सख्त कार्रवाई की जरूरत है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी वर्दी के खिलाफ हाथ उठाने की हिम्मत न करे।

### रेलवे स्टेशन पर दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

गाजियाबाद। रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को बड़ी सफलता मिली है। जीआरपी ने सोमवार को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से दो ऐसे शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो ट्रेनों में यात्रियों से चाकू की नोंक पर लूटपाट करते थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से मोबाइल और चाकू बरामद किए गए हैं। जीआरपी प्रभारी नवरत्न गौतम ने बताया कि स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो संदिग्ध युवकों की गतिविधियों पर पुलिस टीम की नजर पड़ी। शक के आधार पर उन्हें रोका गया और तलाशी ली गई। तलाशी में एक के पास चाकू और दूसरे के पास तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम शाहरुख और विशाल बताए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों बदमाश पेशेवर अपराधी हैं और लंबे समय से ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बना रहे थे। विशाल ट्रेन में भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करता था और फिर उसे दिल्ली व लोनी के बाजारों में सस्ते दामों में बेच देता था। वहीं, शाहरुख यात्रियों का सामान चोरी करता और विरोध पर चाकू दिखाकर उन्हें डराता था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है और पूरे गिरोह की गतिविधियों को खंगाला जा रहा है।

## सपा की मासिक बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे नेता, आतंकवाद पर सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना



**गाजियाबाद**। आरडीसी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को आयोजित मासिक बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुट होकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तीखा विरोध जताया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने की, जिन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे पार्टी की समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और भाजपा सरकार की जनविरोधी, सामंतवादी और विभाजनकारी सोच का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें। बैठक में बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की गई, जिसमें 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा गया कि यह समय आतंकवाद के समूल नाश का है। नेताओं ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूरइ की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि देश की सेना ने पाकिस्तान और उसके पोषित आतंकियों को उनकी भाषा में जवाब दिया है। ऐसे जवाबों से आतंक का सिर हमेशा के लिए कुचला जाना चाहिए। बैठक में यह भी कहा गया कि आज पूरा देश भारतीय सेना के पराक्रम पर गर्व कर रहा है। हमारे वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सीमाओं की रक्षा की है। शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए पार्टी कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की मतदाता सूची की गहन समीक्षा करें। अगर किसी मतदाता का नाम छूट गया है तो जुड़वाने की पहल करें और अगर किसी का नाम गलत है तो उसे भी सही करवाएं। थाना, तहसील और अस्पतालों में गरीबों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। भाजपा की जातिवादी सोच और सामंतवादी प्रवृत्ति के कारण पी.डी.ए. (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समाज का खुलेआम उत्पीड ?हो रहा है। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं से अपील की गई कि वे सर्व समाज को साथ लेकर आगे आएं, लोगों को समाजवादी विचारधारा से जोड़ें और भाजपा के जुल्मी शासन के खिलाफ मजबूत जन आंदोलन खड़ा करें। बैठक का संचालन जिला महासचिव नितिन त्यागी ने किया और सभी उपस्थित कार्यकताओं ने एकजुट होकर समाजवादी आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया।

## दुकान पर गाली-गलौज और महिला से मारपीट, दूसरे मामले में युवक पर दस लोगों ने किया हमला

**गाजियाबाद**। शहर में लगातार सामने आ रही मारपीट और अभद्रता की घटनाएं अब आमजन की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही हैं। ताजा मामला मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव का है, जहां दुकान पर बैठी महिला के साथ पड़ोसी युवक ने गाली-गलौज के बाद मारपीट की। वहीं, शास्त्रीनगर की बागवाली कॉलोनी में एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। सदरपुर निवासी अंकित ने पुलिस को बताया कि गांव में ही उनकी एक दुकान है, जहां उनकी पत्नी स्वाति बैठती है। 5 मई की शाम करीब 6 बजे मोहल्ले का ही रहने वाला प्रदीप दुकान के सामने खड़ा होकर गालियां देने लगा। पत्नी स्वाति के विरोध करने पर प्रदीप ने पहले अभद्रता की और फिर मारपीट पर उतर आया। आरोपी जोर-जोर से चिल्लाने लगा और अपने समर्थकों को बुलाने की धमकी दी। कुछ देर बाद उसने दोबारा स्वाति पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। शोर सुनकर स्थानीय लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित अंकित ने 10 मई को मधुबन बापूधाम थाने में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह के अनुसार आरोपी प्रदीप के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बिना वजह युवक पर जानलेवा हमलाएक अन्य घटना शास्त्रीनगर की बागवाली कॉलोनी की है, जहां रहने वाले राजेश कुमार के साथ भीषण मारपीट की गई। राजेश के मुताबिक, उनके घर के आसपास रहने वाले कुछ लोगों ने उनसे बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया तो आठ-दस लोगों ने एकजुट होकर उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राजेश ने 11 मई को कविनगर थाने में शिकायत दी और आरोपियों से जानमाल के खतरे की आशंका जताई।

## मुठभेड़ में दो लुटेरे गोली लगने के बाद दबोचे, लाखों की नकदी व सामान बरामद

■ वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। बीते सप्ताह दिनदहाड़े हुए एक सनसनीखेज लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। साहिबाबाद थाना क्षेत्र के पाईप मार्केट में स्थित शुभम इंटरप्राइजेज में गुरुवार को हुए लाखों की लूट के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के निर्देशन में स्वॉट टीम और साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे फुटओवर ब्रिज के पास देर रात हुई। घायल हुए दोनों बदमाशों की पहचान दानिश कुरैशी निवासी मुगल गार्डन, लोनी और वीरू उर्फ वीरेंद्र निवासी आकाश विहार, राम विहार, बंथला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को मौके से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया और अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में दोनों ने अपने दो अन्य साथियों गुड्डू और सोनू के नाम भी उगल दिए, जिन्हें पुलिस ने तत्काल दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में लुटेरों ने बताया कि उन पर पैसों की तंगी थी और इसी कारण उन्होंने लूट की साजिश रची। उन्हें जानकारी मिली थी कि शुभम इंटरप्राइजेज में हमेशा मोटी रकम रहती है, जिसके बाद उन्होंने दुकान पर धावा बोलकर कैश से भरा बैग, मोबाइल और अन्य सामान लूट लिया था। पुलिस ने चारों लुटेरों की निशानदेही पर व्यापारी वैभव जैन से लूटे गए लाखों रुपये की नकदी, माल, दो तमंचे, कारतूस, दो बाइक और अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अब तक जांच में इन आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है, लेकिन जिस तरह से योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया, उससे यह स्पष्ट है कि यह गिरोह पेशेवर अपराध की राह पर था। पुलिस आगे की जांच में यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं यह गैंग किसी अन्य लूटकांड में भी शामिल तो नहीं रहा है।

इस मुठभेड़ और गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि दिनदहाड़े हुई इस लूट से व्यापारी वर्ग में भय और आक्रोश था। डीसीपी ट्रांस हिंडन ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस सफलता के बाद इलाके में लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।